सेना, वायुसेना और नौसेना जैसी देश की तीन सशस्त्र सेनाओं की 10 महिला अधिकारियों ने गुरुवार को अपने पहले ऐतिहासिक समुद्री नौकायन अभियान 'समुद्र प्रदक्षिणा' की मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया से शुरुआत की है। जिसे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीडीएस और तीनों सेनाप्रमुखों के साथ मिलकर नई दिल्ली से वर्चुअल हरी झंडी प्रदान की। साथ ही अपने संबोधन में रक्षा मंत्री ने कहा कि यह यात्रा नारी शक्ति, सशस्त्र बलों की एकता, आत्मनिर्भर भारत, देश की सैन्य कूटनीति और वैश्विक विजन का एक ज्वलंत प्रतीक है। महिला अधिकारियों की टीम स्वदेशी त्रिवेणी नौकायन पोत (आईएएसवी) के जरिए कुल 26 हजार समुद्री मील की यात्रा करेंगी। जिसे पूरा करने में उन्हें 9 महीने का समय लगेगा। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान के जरिए यह जानकारी दी है। यहां बता दें कि पूर्व में नौसेना की दो महिला अधिकारी लेफ्टिनेंट ⏩ शेष पेज 5 पर



#### सभी देशांतर, भूमध्य रेखा होगी पार

*रक्षा मंत्री के मुताबिक, 50 फुट लंबी त्रिवेणी नौका से की जा रही यह समुद्री यात्रा देश की सामरिक स्वायत्तता और आत्मनिर्भरता की एक यात्रा है। जिसमें विश्व नौकायन गति रिकॉर्ड परिषद के सख्त मानदंडों का पालन किया जाएगा। सभी देशांतरों और भूमध्य रेखा को पार करना, बिना नहरों व विद्युत परिवहन के केवल पाल के सहारे 21 हजार 600 समुद्री मील से अधिक की दूरी तय करना इसका हिस्सा है। यात्रा का सबसे कठिन चरण इस वर्ष के अंत में दिसंबर-25 और फरवरी-26 के दौरान दक्षिणी महासागर में केप हॉर्न की परिक्रमा होगी। इसके अलावा यात्रा में ऑस्ट्रेलिया के फ्रेमेंटल, न्यूजीलैंड के लिटलटन, कनाडा के पोर्ट स्टेनली और दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन जैसे चार बड़े बंदरगाह भी मुख्य पड़ाव के रूप में आएंगे। अभियान के दौरान टीम राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान के साथ मिलकर वैज्ञानिक अनुसंधान भी करेंगी। जिसमें सूक्ष्म प्लास्टिक, समुद्री जीवन का दस्तावेजीकरण और समुद्री स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाना शामिल है।*

## खबर संक्षेप

### हत्या का प्रयास के मामले में 3 आरोपी धराए

**फरीदाबाद।** लड़ाई झगड़ा व हत्या का प्रयास के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



थाना छायंसा में यशोदा निवासी गांव मौजपुर ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसका पति सुरेश व गांव का ही एक व्यक्ति सत्ती दोनों भेड़ बकरी चराते हैं। रंजिश रखते हुए सत्ती ने उसके पति को धमकी दी थी। 1 सितंबर की रातउसका पति सुरेश अपने प्लॉट में सो रहा था तीन लड़कों ने उसके पति के साथ मारपीट की घायल कर दिया।

### डिजिटल अरेस्ट कर 2 लाख 85 हजार रुपए की ठगी

**फरीदाबाद।** डिजिटल अरेस्ट कर 2,85,000 रुपए की ठगी में खाताधारक सहित तीन आरोपियों को साईबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है।




साइबर थाना सैंट्रल में सेक्टर-88 फरीदाबाद निवासी व्यक्ति ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके पास व्हाट्सएप पर कॉल आया, अपने आपको मुंबई पुलिस का अधिकारी बताया था।

### सुमित भाटिया कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नियुक्त

**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस ने फरीदाबाद निवासी सुमित भाटिया को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है।



यह नियुक्ति राष्ट्रीय चेयरमैन एवं पूर्व सांसद डॉ. उदित राज व प्रदेश संयोजक हरियाणा नरेश मलिक की स्वीकृति के बाद हुई है। इसके अलावा हरियाणा के सभी जिलों में जिलाध्यक्ष व महिला अध्यक्ष भी नियुक्त किए गए है। हरियाणा में मजबूत करने के लिए इन सभी जिलाध्यक्ष की नियुक्तियां की गई है। इस नियुक्ति पर सुमित भाटिया ने भाटिया ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है निर्वहन पूरी ईमानदारी व कर्तव्य निष्ठा से करेगें।

---

जिले में आई बाढ़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त

# फरीदाबाद में जननायक जनता पार्टी ने बाढ़ से हुए नुकसान मुआवजे को लेकर जिला राजस्व अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

जननायक जनता पार्टी फरीदाबाद की टीम ने गुरुवार को सेक्टर 12 में एकत्रित होकर जिले में आई बाढ़ से हुए नुकसान के मुआवजे को लेकर जिला अध्यक्ष प्रदीप चौधरी के नेतृत्व में जिला राजस्व अधिकारी विकास कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई की इन दिनों लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण पूरे प्रदेश सहित जिला फरीदाबाद में भी कई जगहों पर बाढ़ आ गई है। नहरों, नालों के आसपास और निचले क्षेत्रों में पानी भरने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। विशेष रूप से फरीदाबाद जिले के तिगांव ब्लाक व बल्लभगढ़ ब्लाक के यमुना के साथ लगते गांव में यमुना नदी में बाढ़ आने पर काफी किसानों की फसल, पशुधन, मकान व व्यवसायिक प्रतिष्ठान प्रभावित हुए हैं तथा भारी नुकसान हुआ है। खेतों में जलभराव होने से फसलों का भारी नुकसान हो गया है तथा पशुओं के लिए चारे की भी कमी हो गई है।



### बरसात से किसानों की फसलें खराब हुई

*ज्यादा बरसात होने के कारण किसान की फसल खेत मे खराब हो गई है तथा हजारों एकड़ में फसल की बिजाई नही हो पाई। बाढ़ के कारण कई लोगों की मौत हो गई है तथा काफी लोग बीमार हो गए हैं। खेतों में लगे ट्यूबवेल खराब हो गए हैं तथा ट्यूबवेल पर लगी इलेक्ट्रिक मोटर व डीजल इंजन पानी में डूब गए हैं जिससे इलेक्ट्रिक मोटर व डीजल इंजिन भी खराब हो गए हैं। जिलाध्यक्ष प्रदीप चौधरी व प्रदेश सचिव प्रेम सिंह धनखड़ ने कहा कि किसानों को नुकसान की भरपाई के लिए प्रति एकड़ 50 हजार रुपए मुआवजा दिया जाएं तथा खेतिहर मजदूरों को भी उचित मुआवजा दिया जाए। किसानों को प्रति एकड़ 30 हजार रुपए मुआवजा दिया जाए।*

### मृतकों के वारिसों को 20 लाख रुपए तक का मुआवजा दिया जाए

*मृतकों के वारिसों को 20 लाख रुपए साथ ही प्रति ट्यूबवेल 2 लाख रुपए मुआवजा दिया जाए। जिला राजस्व अधिकारी विकास ने जेजेपी के कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया कि वह उनके मांग पत्र को सरकार तक पहुंचाने का काम करेंगे और जल्द ही मांगों को पूरा करने की भी कोशिश करेंगे। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष प्रदीप चौधरी के अलावा तेजपाल डागर, प्रेम धनकड़, नाहर सिंह चौहान, कुलदीप मलिक, सुदेश ग्रोवर, अनिल खुटेला, नरेंद्र फौजी, देवेंद्र बैरागी, परविंदर सिंह, रवि शर्मा, बोनी ठाकुर, संजीव चौधरी, गजेंद्र भड़ाना, राजेश डागर, रणजीत, दरियाव टांग, परविंदर कौशिक, सरवन त्यागी, पवन नरवत, दिनेश नम्बरदार, सुखबीर सरपंच, प्रदीप दायलपुर, हरबीर बांकुरा, गौरव बांकुरा आदि मौजूद रहे।*

---

मंत्रियों की अनुपस्थिति में उनके प्रतिनिधियों को दिया ज्ञापन

# निगम सफाई कर्मचारियों ने मंत्री नागर व मंत्री गोयल के निवास व कार्यालय पर प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

नगर निगम सफाई कर्मचारियों ने नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर गुरुवार को सुबह प्रदेश के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर के गांव भतौला स्थित निवास पर उनके पिताश्री रूप सिंह नागर को, प्रदेश के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल के सेक्टर-16 स्थित सागर सिनेमा कार्यालय पर उनकी अनुपस्थिति में उनके निजी सचिव राहुल राज को ज्ञापन सौंपा।

आज के प्रदर्शनों का नेतृत्व नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेश उपमहासचिव सुनील चिण्डालिया, नगरपालिका के जिला प्रधान दलीप बोहत, जिला सचिव अनिल चिंडालिया एवं सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान बलबीर बालगुहेर एवं संघ राज्य सचिव व सीवरमैन यूनियन के प्रधान अनूप चिंडालिया कर रहे थे। इन सभी नेताओं ने अपने-अपने संबोधनों में कहा कि सरकार सफाई कर्मचारियों के साथ धोखा कर रही है, हरियाणा कौशल रोजगार के नाम पर 90 दिनों से कम दिनों के लिए आरडब्ल्यूए व एनजीओ के माध्यम से सफाई कर्मचारियों को लगाने का प्रयास किया जा रहा है, जोकि सरासर गलत है और श्रम कानूनों का उल्लंघन है।

सरकार ने इस अभियान को चलाने से पहले अधिकारियों को सभी उपकरण संसाधन उपलब्ध करवाने के लिए वित्तीय अधिकार दे दिए थे लेकिन सफाई अभियान के दो हफ्ते बीतने के बाद भी सफाई कर्मचारियों को किसी प्रकार का कोई उपकरण व संसाधन उपलब्ध नहीं हुये है और नकली भर्ती के नाम पर केवल ड्रामा किया जा रहा है।

ऐसा प्रतीत होता है की सफाई अभियान केवल सरकार के लिए जनता में अपनी छवि साफ करने का अभियान है न की प्रदेश से गंदगी को साफ करना। उन्होंने कहा की लंबे समय से प्रदेश के शहरों में कूड़ा जमा है जिसको छुपाया जा रहा है। शहर से बाहर ले जाकर कूड़े का निपटान नहीं किया जा रहा है और सफाई अभियान के नाम पर राजनेता अधिकारी एवं अन्य लोग प्रिकॉशन के साथ केवल प्रेस कवरेज के लिए वीडियो फोटो बनवाते नजर आते हैं।




### भारी वर्षा जल भराव के कारण बीमारियां फैलने की आशंका

नगर निगम सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान बलवीर सिंह बालगुहेर ने कहा कि सफाई कर्मचारी इस अभियान को सफल बनाने के लिए तैयार हैं बशर्ते सरकार अभियान को सफल बनाने के लिए सभी जरूरत की वस्तुएं संसाधन व मैनपावर की कमी को पूरा करें। प्रदेश के सफाई कर्मचारियों ने हमेशा प्रदेश की जनता के हित में काम किया है, कॉविड 19 या अन्य बड़ी-बड़ी महामारी में अपने जीवन को दाव पर लगाकर अपनी सेवाएं दी है, हम आज भी तैयार हैं। सरकार हमारे अधिकार और संसाधन देने में फेल है। भारी वर्षा और जल भराव के कारण बीमारियां फैलने की अधिक आशंका है, इसलिए प्रदेश के सफाई कर्मचारी जनहित में ईमानदारी से काम कर रहे हैं। यदि तुरंत प्रभाव से सफाई कर्मचारियों के साप्ताहिक अवकाश पर लगाई गई रोक नहीं हटाई नकली भर्ती के स्थान पर पक्की भर्ती नहीं की और सफाई के उपकरण सुरक्षा उपकरण संसाधन उपलब्ध नहीं करवाए तो पालिका, परिषद व निगम के कर्मचारी जनता में सरकार की पोल खोलेंगे। इसके बाद 26 सितंबर को सभी जिला उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन करके मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेगें।

### विरोध प्रदर्शन में यह लोग सम्मिलित हुए

गुरुवार के विरोध प्रदर्शन में अन्य के अलावा संघ की राज्य उपाध्यक्ष कमला देवी, रघुवीर चौटाला,नंद डाकोलिया, महेन्द्र कुड़िया, जितेंद्र छाबड़ा, प्रदीप चांवरिया, प्रेमपाल, दान सिंह, राजबीर चिंडालिया, नरेश भगवाना, राजेश कामा, राकेश मेडवाल, सुरेन्द्र चौटाला, लक्ष्मण पारछा, देवा तमोली, विक्की हंस, विरेन्द्र भंडारी, कुमारपाल बालगुहेर, विशाल, मुकेश बेनीवाल, महिला नेता सुरेश देवी, ललिता, शकुंतला, सत्तों, कमलेश, कविता, राजवती, संतोष, किरण आदि नेता उपस्थित रहे।

---

वाल्मीकि ने पगड़ी बांधकर जताया सुमित गौड़ का आभार

# हरियाणा वाल्मीकि संघ ने किया प्रदेश प्रवक्ता सुमित गौड़ का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

हरियाणा एससी विभाग कांग्रेस का प्रदेश सचिव नियुक्त होने पर कृपाल सिंह वाल्मीकि सहित हरियाणा वाल्मीकि समाज के गणमान्य लोगों ने आज कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सुमित गौड़ का उनके सेक्टर-10 स्थित जिला कांग्रेस भवन पर पहुंचकर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान वाल्मीकि समाज के गणमान्य लोगों ने फूल मालाओं एवं सम्मान रुपी पगड़ी बांधकर सुमित गौड़ का आभार जताया।

इस मौके पर मुख्य रूप से हरियाणा वाल्मीकि संघ से आत्मा राम, ओमप्रकाश दरोगा, बाबूलाल, डीपी नंबरदार, डॉ. मंगल, हितेंद्र ठेकेदार, विनोद सुल्तान, राजबीर, नरेंद्र नंबरदार, टोनी पहलवान, लक्ष्मण प्रेसीडेंट आदि मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने हाल ही में कृपाल सिंह वाल्मीकि को हरियाणा एससी विभाग कांग्रेस का प्रदेश सचिव, ओल्ड फरीदाबाद से श्याम बागड़ी को प्रदेश सचिव एससी विभाग तथा सुंदर सिंह को कांग्रेस एससी विभाग का फरीदाबाद चेयरमैन नियुक्त किया है। अपनी नियुक्ति पर कृपाल सिंह ने सहित अन्य नेताओं ने अखिल भारतीय कांग्रेस एससी विभाग के चेयरमैन राजेंद्र पाल गौतम, प्रदेश चेयरमैन मनोज बागड़ी, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेशाध्यक्ष उदयभान, सांसद दीपेंद्र हुड्डा सहित शीर्ष कांग्रेस नेतृत्व का आभार जताया। इस मौके पर सुमित गौड़ ने वाल्मीकि समाज का आभार जताते हुए कहा कि जो मान सम्मान आज उन्हें दिया गया है, उसके लिए वह ताउम्र उनके आभारी रहेंगे और कांग्रेस के सच्चे सिपाही की तरह आम जन की आवाज को बुलंद करने का काम करेंगे।

गौड़ ने कहा कि उन्होंने भाजपा सरकार के खिलाफ समय-समय पर जनजागरुकता अभियान चलाए है, धरने प्रदर्शन करे है और आगे भी वह इस गूंगी बहरी सरकार को नींद से जगाने के लिए काम करते रहेंगे। उन्होंने वाल्मीकि समाज के लोगों से कहा कि वह उनके कंधे से कंधा मिलाकर चले ताकि हम सभी मिलकर इस जनवविरोधी सरकार को आने वाले समय में सत्ता से बेदखल कर सके। इस मौके पर वाल्मीकि समाज के गणमान्य लोगों ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने वाल्मीकि समाज को हमेशा मान सम्मान दिया है और वाल्मीकि समाज भी कांग्रेस पार्टी के साथ समर्पित भावना से रहा है।

---

उद्देश्य गांव में जल संसाधनों का विकास करना

# 'एडॉप्ट ए विलेज' अभियान के तहत कैनन ने किया नंदरामपुर गांव का विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

सामुदायिक विकास की अपनी प्रतिबद्धता के अंतर्गत कैनन इंडिया ने हरियाणा में नंदरामपुर बास गांव को गोद लिए हुए तीन साल पूरे होने की खुशी मनाई। यह कंपनी के 'एडॉप्ट ए विलेज' कार्यक्रम के अंतर्गत गोद लिया गया नौवां गांव है।

इस अवसर पर कैनन इंडिया के प्रेसिडेंट एवं सीईओ, तोशियाकी नोमुरा ने रेनवॉटर हार्वेस्टिंग एवं रिचार्ज पिट का उद्घाटन किया। जिसका उद्देश्य गांव में जल संसाधनों का विकास करना है। इस अवसर पर तोशियाकी नोमुरा, प्रेसिडेंट एवं सीईओ, कैनन इंडिया ने कहा, कैनन की सामाजिक विकास की प्रतिबद्धता 'क्योसेई' के सिद्धांत पर आधारित है, जिसका अर्थ है, सबके कल्याण के लिए मिलकर रहना और काम करना। अपने फ्लैगशिप 'एडॉप्ट ए विलेज' कार्यक्रम के अंतर्गत हम समाज के बेहतर जीवन के लिए व्यक्तिगत विकास पर केंद्रित रहते हैं। नंदरामपुर बास में पिछले तीन सालों का हमारा सफर प्रदर्शित करता है कि निरंतर



प्रयास किस प्रकार संभावनाओं का निर्माण कर आत्मनिर्भरता ला सकते हैं। इसमें हमारे कर्मचारियों, कार्यकर्ताओं, मेटरिंग, और 'क्योसेई' के सिद्धांत को जीवंत करते हुए जमीनी स्तर पर परिवर्तन लाने की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। इन प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए कैनन समुदायों का निर्माण करने और भारत में समावेशी विकास में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। अपनी 4-ई नीति के अंतर्गत चार प्रमुख क्षेत्रों में विकास सुनिश्चित करने के कैनन के उद्देश्य को पूरा करने के लिए कैनन इंडिया ने रिसोर्स सेंटर में डिजिटल लर्निंग के लिए 1000 से अधिक विद्यार्थियों का नामांकन किया। चुनिंदा विद्यार्थियों को नवोदय स्कूल में स्कॉलरशिप प्रदान की गई। नवोदय स्कूल सरकार द्वारा संचालित पूर्णतया आवासीय संस्थान हैं, जो कक्षा 6 से कक्षा 12 के प्रतिभाशाली ग्रामीण बच्चों को निःशुल्क और उच्च गुणवत्ता की सीबीएसई शिक्षा प्रदान करते हैं। 'एडॉप्ट ए विलेज' प्रोग्राम के सहयोग से नंदरामपुर बास गांव को हरियाणा के मुख्यमंत्री के 'माई स्कूल, ब्यूटीफुल स्कूल' अभियान के अंतर्गत दो बार पुरस्कृत किया गया है। इस गाँव को स्वच्छता और सौंदर्यीकरण में असाधारण कार्य के लिए 150,000 रुपए की पुरस्कार राशि दी गई है। वहीं नेत्रों की देखभाल पर कैनन के फोकस के अनुरूप, लगभग 4,000 मरीजों की आँखों की जाँच की गई है। 452 चश्मे निःशुल्क वितरित किए गए हैं। साथ ही सस्टेनेबिलिटी के प्रयासों के अंतर्गत नियमित तौर से वृक्षारोपण अभियान चलाकर गाँव में 1550 पेड़ लगाए गए हैं। इसके अलावा, समाज का सशक्तीकरण करने के लिए कैनन ने कंप्यूटर, ब्यूटीशियन, और टेलरिंग के कोर्स चलाकर 250 से अधिक लाभार्थियों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया है।

---

# 1 लाख 82 हजार रुपए की ठगी, 3 पकड़ाए

**फरीदाबाद।** सैक्स रैकेट के मामले में गिरफ्तारी का डर दिखा कर 1,82,475 रुपए की ठगी के मामले में साइबर थाना सैंट्रल तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

सरस्वती कॉलोनी सेहतपुर निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सैंट्रल में दी शिकायत में आरोप लगाया कि 8 जुलाई को उसके पास एक कॉल आया जिसने कहा कि शिकायतकर्ता पर एक सैक्स रैकेट का केस लगा हुआ है। जिसमें बचाने के लिए उससे पैस की डिमांड की, बदनामी के डर से उसने 1,82,475 रुपए ठगों के खाता में भेज दिए। जब ठगों ने लगातार पैसे की मांग की तो उसे एहसास हुआ कि फ्रॉड हुआ है। जिस शिकायत पर साइबर थाना सेंट्रल में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने कार्रवाई करते हुए सुनील निवासी गांव गवारेडी, भीलवाडा हाल चपरासी कॉलोनी, नजदीक सारांश वाटिका भीलवाडा, राजस्थान, अजय निवासी गांव उदलिया की डुंगरी जिला बूंदी, राजस्थान व राजेश मेघवाल निवासी गांव देवपुरा जिला बूंदी राजस्थान हाल कोटा रोड देवपुरा, जिला बूंदी राजस्थान को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि सुनील ने प्रकाश (खाताधारक) का खाता ठगों को दिया था।

---

ट्राइटन वाल्व्स लिमिटेड ने 50वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई

ट्राइटन वाल्व्स मैसूर की नवाचार परंपरा और भारत की आत्मनिर्भरता की भावना का गर्वित प्रतीक

# गोल्डन जुबली में शामिल हुए मैसूर के महाराज व हस्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

ऑटोमोटिव टायर वाल्व निर्माता ट्राइटन वाल्व्स लिमिटेड ने 50वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई। जिसमें मैसूर के महाराजा यदुवीर कृष्णदत्ता चामराज वाडियार, नंदन नीलेकणी (सह-संस्थापक एवं चेयरमैन, इंफोसिस), और स्वप्निल जैन (सह-संस्थापक, एथर एनर्जी) सहित हस्तियां शामिल हुई।

इस अवसर पर महाराजा यदुवीर कृष्णदत्ता चामराज वाडियार ने लेखिका रूपा पाई की कोर स्ट्रेंथ नामक स्मारक पुस्तक का विमोचन किया। महाराजा यदुवीर कृष्णदत्ता चामराज ने कहा कि ट्राइटन वाल्व्स मैसूर की नवाचार परंपरा और भारत की आत्मनिर्भरता की भावना का गर्वित प्रतीक है। जैसे हम 2047 तक एक विकसित भारत की ओर बढ़ रहे हैं, ट्राइटन हमें 'मेक इन इंडिया' की शक्ति पर विश्वास करने और समर्पण, दृष्टिकोण एवं उत्कृष्टता की भावना से जन्मी उपलब्धियों का जश्न मनाने की प्रेरणा देता है। उद्यमशीलता और विकास यात्रा का सम्मान करते हुए, एक विशेष फायरसाइड चैट ऑनरिंग द पास्ट, इंस्पायरिंग द फ्यूचर आयोजित की गई। इसमें नंदन नीलेकणी, स्वप्निल जैन और आदित्य एम. गोकर्ण तीन पीढ़ियों का प्रतिनिधित्व करने वाले पैनल शामिल थे। इस सत्र का संचालन प्रसिद्ध वित्तीय कंटेंट क्रिएटर सोनिया शेनॉय ने किया। चर्चा में उद्यमियों की यात्रा, उभरते क्षेत्रों में अवसर, चुनौतियाँ, नीति समर्थन, अनुसंधान एवं विकास का महत्व, कार्यस्थल संस्कृति और भारत की आर्थिक प्रगति से जुड़ी भविष्य की प्रवृत्तियों पर बातचीत हुई।




---

संगोष्ठी में जेरियाट्रिक पब्लिक हेल्थ इवेंट का भी आयोजन

# नेशनल कैम्पेन में 500 से अधिक लोगों ने लिया नेत्रदान का संकल्प

- आयोजन का मकसद जनता को जागरूक करना
- नेत्रदान से जुड़ी भ्रांतियों और गलत धारणाओं को दूर करना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट (एफएमआरआई), गुरुग्राम द्वारा आयोजित राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा के दौरान 500 से अधिक लोगों ने नेत्रदान करने का संकल्प लिया है। इस कैम्पेन के दौरान, अन्य वर्षों की तुलना में नेत्रदान का संकल्प करने वाले लोगों की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है, जो कॉर्नियल अंधता के बारे में लोगों के स्तर पर बढ़ती जागरूकता और आम जनता की इसमें प्रतिभागिता का सूचक है।

कैंपेन के तहत, फोर्टिस गुरुग्राम ने एक संगोष्ठि का भी आयोजन किया था। जिसमें नेत्रदान से जुड़ी भ्रांतियों और गलत धारणाओं को दूर करने के मकसद से विशेषज्ञों की वार्ता को शामिल किया गया। फोर्टिस आइ इंस्टीट्यूट ओपीडी में नेत्रदान का संकल्प करने के लिए विशेष बूथ लगाए गए थे ताकि इच्छुक लोग तत्काल खुद को रजिस्टर कर सकें। इसके अलावा, फोर्टिस हॉस्पीटल ने एक जेरियाट्रिक पब्लिक हेल्थ इवेंट का भी आयोजन किया था जिसमें सैंकड़ों वरिष्ठ नागरिकों ने नेत्रदान का संकल्प लिया।

डॉ. पारुल शर्मा, प्रिंसीपल डायरेक्टर एंड एचओडी, फोर्टिस आइ इंस्टीट्यूट ने कहा, नेशनल प्रोग्राम फॉर कंट्रोल ऑफ ब्लाइंडनेस (एनपीसीबी) के अनुसार, देश में करीब 11 लाख कॉर्नियल अंधता के शिकार लोग हैं और हर साल लगभग 25,000 नए मामले इन आंकड़ों में जुड़ जाते हैं। इस विषय में, जनता की भागीदारी को प्रोत्साहित कर मांग और आपूर्ति के अंतर को पाटा जा सकता है। लोगों को नेत्रदान जैसे परोपकारी प्रयास के लिए अपना सहयोग देने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि मल्टी-सुपर स्पेश्यलिटी हॉस्पीटल और टर्शियरी रेफरल सेंटर के तौर पर एफएमआरआई इस मिशन को आगे बढ़ाने तथा अपने हॉस्पीटल कार्निया रिट्रिवल प्रोग्राम को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि नेत्रदान को विस्तार देने के काम में जुटे डॉक्टरों के सामने कई प्रकार की चुनौतियां पेश आती हैं। उन्हें इस बारे में फैली भ्रांतियों को दूर करने के साथ-साथ इस बारे में समाज में व्याप्त गलत धारणाओं से निपटना पड़ता है और कई बार किसी व्यक्ति द्वारा नेत्रदान के संकल्प की स्वीकृति देने के बावजूद, मृत्यु होने पर उनके परिजनों की ओर से नेत्रदान के लिए स्पष्ट रूप से इंकार कर दिया जाता है। सांस्कृतिक और धार्मिक कारण भी अड़चन पैदा करते हैं। कार्निया रिट्रिवल के लिए उपलब्ध छह घंटे की सीमित अवधि के भीतर आइ बैंकों को सूचित करने में देरी, अस्पतालों में प्रशिक्षित काउंसलर्स तथा आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी भी इसमें बाधा बनती है।

यशपाल रावत, फैसिलिटी डायरेक्टर, फोर्टिस गुरुग्राम ने कहा, नेत्रज्योति (विज़न) प्रत्येक व्यक्ति की सबसे प्रमुख इंद्रीय है। फोर्टिस गुरुग्राम में, हम नेत्रहीनों को दोबारा नेत्रज्योति का लाभ दिलाते हुए उन्हें अधिक रोशन और भरपूर जीवन दिलाने के लिए संकल्पबद्ध हैं।

---

# जीडीए ने नीलामी में 154.76 करोड़ रुपए में बेची 27 संपत्तियां

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने गुरुवार को नीलामी के माध्यम से 27 संपत्तियाँ बेची। इस संपत्तियों की नीलामी से कुल 154.76 करोड़ की आय प्राप्त होगी। जीडीए के अपर सचिव पीके सिंह ने बताया कि हिन्दी भवन, लोहिया नगर में जीडीए नेविभिन्न योजनाओं के रिक्त व्यवसायिक,आवासीय भूखण्डों के साथ-साथ कन्वीनियेन्ट शॉपिंग भूखण्ड, दुकान भूखण्ड, औद्योगिक भूखण्ड, बैंक भूखण्ड इत्यादि भूखण्डों एवं इन्दिरापुरम विस्तार योजना के आवासीय व व्यवसायिक भूखण्डों, मधुबन बापूधाम योजना की बैंक भूखण्ड,सीएनजी फिलिंग स्टेशन भूखण्ड की नीलामी की।

उन्होंने बताया कि इस नीलामी में इन्दिरापुरम योजना के 04 कन्वीनियन्ट शॉपिंग भूखण्डों की नीलामी से 7.85 करोड़, एवं 02 व्यवसायिक भूखण्ड से 57.56 करोड़, इन्दिरापुरम विस्तार योजना ब्लाक ए के 08 आवासीय भूखण्डो से 60.36 करोड़, कौशाम्बी योजना ब्लाक ए के 05 आवासीय भूखण्डों से र 7.05 करोड़, यूपी बार्डर पाकेट ए के 01 दुकान भूखण्ड से रुपए 27.50 लाख रुपए है।

---

पूर्व में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका

# बैंक कर्मचारी बताकर 11 लाख 55 हजार रुपए की ठगी, काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

बैंक कर्मचारी बताकर 11, 55,000 रुपए की ठगी में खाता उपलब्ध करवाने के मामले में साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने खाताधारक को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सेक्टर 82 निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सैंट्रल में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसको यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की फरीदाबाद ब्रांच मे अपनी लाईफ सर्टीफिकेट जमा करवानी थी। जिसके लिए उसने बैंक की वेबसाईट पर जाकर ब्रांच का नंबर खोजा और कॉल की परंतु कोई जवाब नही आया। इसके उपरांत शिकायतकर्ता के फोन पर एक नंबर से कॉल आया जिसने अपने आपको यूबीआई बैंक का कर्मचारी बताया तथा शिकायतकर्ता से उसके अकाउंट नम्बर, डेबिट कार्ड नंबर, सीवीसी व पिन मांगे जिनकी जानकारी शिकायतकर्ता ने कथित बैंक कर्मचारी को दे दिए। इसके बाद उसके खाते से कुल 11,55,000 रुपए कट गए। जिस पर साइबर थाना सैंट्रल में ठगी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि साइबर थाना सैंट्रल कि टीम ने कार्रवाई करते हुए अमन शाह निवासी गांव काठा जिला बागपत उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि अमन ने अपना खाता ठगों को दिया था ।




## रेखा गुप्ता ने की विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक

# सीएम ने चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र की प्रभारी मंत्री के रूप में संभाला कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र के विकास कार्यों की प्रगति एवं लंबित परियोजनाओं को लेकर लंबी समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान सभी जन प्रतिनिधियों के आग्रह पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र में प्रभारी मंत्री के रूप में कार्यभार संभालने की जिम्मेदारी ली। इसका उद्देश्य नियमित रूप से जनप्रतिनिधियों से संवाद स्थापित कर विकास कार्यों की प्रगति और जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान करना है। बैठक में क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं और उनके समाधान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में विभिन्न विधानसभाओं में अतिक्रमण और ट्रैफिक जाम की गंभीर समस्या से निपटने के लिए विचार- विमर्श हुआ। मुख्यमंत्री ने बैठक में पुरानी दिल्ली के बाजारों में पिंक यूरिनल्स (महिला शौचालय) बनाने का खाका तैयार करने के निर्देश भी जारी किए। इस समीक्षा बैठक में चांदनी चौक लोकसभा के सांसद प्रवीण खंडेलवाल, क्षेत्र के विधायक, पार्षद व सभी सम्बंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बैठक में विधायकों और पार्षदों ने अपने क्षेत्रों के पार्कों के पुनर्विकास, मल्टीलेवल पार्किंग, बाजारों का पुनर्विकास, डीडीए की जमीन के उपयोग, सड़कों की मरम्मत, सीवर और नालों की सफाई, स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत व नई लाइटें लगाने जैसे मुद्दों को रखा। मुख्यमंत्री ने इन सभी मांगों पर गंभीरता से विचार कर संबद्ध अधिकारियों को तत्काल कदम उठाने के निर्देश दिए।

बैठक में अधिकतर विधानसभाओं विशेषकर पुरानी दिल्ली के चांदनी चौक, कश्मीरी गेट, चांदनी चौक और सदर बाज़ार क्षेत्र में अतिक्रमण और ट्रैफिक जाम की गंभीर समस्या पर भी चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन क्षेत्रों में लगातार बढ़ते अतिक्रमण और यातायात जाम की समस्या स्थानीय निवासियों और दुकानदारों के लिए असुविधा का कारण है।

उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि इन मुद्दों का समाधान तत्काल प्रभाव से सुनिश्चित किया जाए। इस समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री रेखा ने नगर निगम, यातायात पुलिस, जल बोर्ड और अन्य संबंधित एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर बल दिया ताकि ट्रैफिक प्रबंधन, पानी की लाइनों के लिए होने वाली सड़कों, गलियों की खुदाई को लेकर समाधान निकाला जा सके।

### पुरानी दिल्ली के बाजारों में पिंक यूरिनल्स बनाने का खाका तैयार करने के दिए निर्देश

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुरानी दिल्ली के बाजारों में यूरिनल्स विशेषकर महिलाओं के लिए पिंक यूरिनल्स की बहुत कमी है। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे यूरिनल्स बनाने का खाका तैयार किया जाए, ताकि वहां जल्द उनका निर्माण किया जा सके। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री विकास निधि (सीएमडीएफ) के अंतर्गत यदि कोई भी विकास कार्य से जुड़ी फाइल लंबित है तो उन्हें तत्काल प्राथमिकता पर आगे बढ़ाया जाए और समयबद्ध तरीके से स्वीकृति प्रदान कर कार्य प्रारंभ किया जाए। उन्होंने सभी विधायकों व पार्षदों को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्रों की जरूरतों के अनुसार विकास कार्यों के प्रस्ताव और कार्य विवरण शीघ्र तैयार कर पेश करें, ताकि मंजूरी मिलने के बाद उन्हें बिना विलंब लागू किया जा सके।

### प्रत्येक जिले में चरणबद्ध तरीके से 11 गौशालाओं का किया जाएगा विकास

मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान विभिन्न विधानसभाओं में सड़कों पर बढ़ते बेसहारा पशुओं विशेषकर गायों की समस्या पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह केवल ट्रैफिक और सुरक्षा की समस्या ही नहीं है, बल्कि मानवीय दृष्टिकोण से भी इनका समाधान आवश्यक है। इस दिशा में सरकार ने ठोस कदम उठाते हुए निर्णय लिया है कि दिल्ली के प्रत्येक जिले में चरणबद्ध तरीके से कुल 11 गौशालाओं का विकास किया जाएगा। इन गौशालाओं में पशुओं की देखभाल, भोजन, चिकित्सा और आश्रय की पूरी व्यवस्था होगी, ताकि बेसहारा गायों को सुरक्षित वातावरण मिल सके और सड़कों पर होने वाली अव्यवस्था भी समाप्त हो।

# दिल्ली देहात में टैक्स मंजूर नहीं, मुंडका-बक्करवाला टोल हटवाकर रहेंगे : पालम 360

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- कल की महांपचायत में हजारों गांववासी लेंगे फैसला, आरपार की लड़ाई के लिए हम तैयार : सोलंकी
- कहा, दिल्ली देहात के किसानों की जमीन औने-पौने दामों में हड़प ली और अब वर्तमान सरकार ग्रामीणों पर टोल टैक्स थोपना चाहती है

पालम 360 खाप के प्रधान चौधरी सुरेंद्र सोलंकी ने बृहस्पतिवार को कहा कि दिल्ली देहात में किसी भी सूरत में टोल टैक्स स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर साफ किया कि दिल्ली देहात में टोल टैक्स थोपना पूरी तरह गलत और अन्यायपूर्ण है। सोलंकी ने कहा कि दिल्ली देहात के इतिहास में कभी टोल टैक्स नहीं थोपा गया है और अब भी ग्रामीण इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि शनिवार 13 सितंबर को मुंडका-बक्करवाला टोल पर प्रस्तावित महापंचायत में हजारों गांववासी एकजुट होकर टोल टैक्स के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार को हर हाल में यह टोल नाका हटाना पड़ेगा।

सोलंकी ने आरोप लगाया कि पूर्व की सरकारों ने दिल्ली देहात के किसानों की जमीन औने-पौने दामों में हड़प ली और अब वर्तमान सरकार ग्रामीणों पर टोल टैक्स थोपना चाहती है। उन्होंने कहा कि दिल्ली देहात के लोगों ने 27 साल बाद भाजपा को समर्थन देकर दिल्ली में सरकार बनाई थी, इसलिए अब ग्रामीणों को उम्मीद है कि सरकार उनकी समस्याओं का समाधान करेगी और टोल टैक्स की व्यवस्था को तुरंत खत्म करेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन केवल टोल टैक्स के खिलाफ नहीं, बल्कि दिल्ली देहात के अधिकारों की लड़ाई है। आने वाली 13 सितंबर की महापंचायत में हजारों की संख्या में लोग जुटकर सरकार को कड़ा संदेश देंगे। इस महापंचायत में सभी खापें, किसान संगठनों के साथ-साथ आरडब्ल्यूए भी शामिल होंगे।

# दिल्ली की हर सड़क, मैदान, गली में फैला हुआ है कूड़ा : अंकुश नारंग



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की हर सड़क, मैदान, गली में कूड़ा फैला हुआ है और भाजपा की दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम सिर्फ सफाई अभियान का दिखावा करने में लगी है। दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी के नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने गुरुवार को करोल बाग जोन के नारायणा वार्ड नंबर 139 में जमा कूड़ा के निरीक्षण को दिखाते हुए भाजपा पर यह आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि हाल ही में भाजपा ने अभियान चलाया, जिसका नाम 'दिल्ली को कूड़े से आजादी' था, लेकिन यह नाम गलत था। अभियान का असली नाम 'दिल्ली में कूड़े को आजादी' था। भाजपा ने कूड़े को आजाद करके हर सड़क, मैदान, गली, चौपाल पर कूड़ा बिखेर दिया। हर जगह कूड़ा ही कूड़ा है। अंकुश नारंग ने दिल्ली सरकार और निगम के स्वच्छता अभियान की पोल खोलते हुए कहा कि नारायणा से विधायक उमंग बजाज, जो वार्ड 139 से पार्षद भी रह चुके हैं, लेकिन उनको कूड़े से परेशान लोगों का हाल जानने का भी समय नहीं है। गंदगी के चलते मौसमी बीमारियों का खतरा बरकरार है, लेकिन भाजपा कूड़े को हटाने के लिए तैयार नहीं है। इस दौरान राजेंद्र नगर विधानसभा अध्यक्ष राजन अरोड़ा, देवेंद्र तंवर, वार्ड अध्यक्ष कुलदीप समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रामलीलाओं व दुर्गा पूजा के लिए समितियों का किया गया गठन

**नई दिल्ली।** दिल्ली मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को रामलीलाओं व दुर्गा पूजा के मंचन व आयोजन को लेकर समितियों का गठन कर दिया है। दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री इन समितियों के अध्यक्ष बनाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि समितियों का उद्देश्य इन धार्मिक आयोजनों को लेकर संभावित समस्याओं और अड़चनों का तुरंत समाधान करना है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के अनुसार रामलीला समिति के चेयरमैन कैबिनेट मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह बनाए गए हैं। समिति के सदस्यों में विधायक अशोक गोयल, अनिल कुमार शर्मा, श्याम शर्मा, संजय गोयल, संदीप सहरावत नियुक्त किए गए हैं। समिति में डिविजनल कमिश्नर श्री नीरज सेमवाल सदस्य सचिव होंगे। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि दुर्गा पूजा समिति के चेयरमैन कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा बनाए गए हैं। इस समिति के सदस्यों में विधायक नीरज बसोया, रविंद्र नेगी, चंदन चौधरी, करनैल सिंह शामिल हैं। इस समिति में भी डिविजनल कमिश्नर नीरज सेमवाल सदस्य सचिव बनाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये समितियां इन धार्मिक आयोजनों के आयोजकों के साथ निरंतर संवाद स्थापित करेंगी, उनकी आवश्यकताओं और सुझावों को प्राथमिकता के आधार पर सुनेंगी और तत्काल निर्णय लेकर उन्हें राहत प्रदान करेंगी।

# हाजिरी लगाकर गायब होने वाले अधिकारियों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम में पिछले करीब ढ़ाई साल से शिक्षा समिति नहीं होने से निगम शिक्षक और शिक्षा विभाग में बड़े पदों पर आसीन अधिकारी मौज मस्ती काट रहे थे और अब शिक्षा समिति के गठन के बाद जैसे ही दौरे शुरू हुए तो निगम स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था की पोल खुलने लगी। बता दें कि बुधवार 10 सितंबर को शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष अमित खरखड़ी ने करोल बाग जोन के प्रेम नगर स्थित निगम स्कूलों का निरीक्षण किया और इस दौरान कई अनियमितताएं सामने आई। हरकत में आने के बाद शिक्षा निदेशक ने अपने उप शिक्षा निदेशक और स्कूल निरीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किए और दो दिनों में जवाब देने के निर्देश दिए गए।

### निरीक्षण में सामने आई मुख्य खामियां

जानकारी के अनुसार कई शिक्षक हाजिरी रजिस्टर में उपस्थित दर्ज करने के बावजूद निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए। विद्यालय परिसर में साफ-सफाई की स्थिति बेहद खराब रही। पूरे शैक्षणिक सत्र में उप-शिक्षा निदेशक और विद्यालय निरीक्षक ने विद्यालय का कोई निरीक्षण नहीं किया।

## दिल्ली के पर्यटन को प्रमोट करने के लिए जल्द किया जाएगा 'ब्रांडिंग कैम्पेन' लांच : कपिल मिश्रा

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार पर्यटन के पूरे परिदृश्य को बदलने के लिए काम कर रही है और इसी वर्ष दिल्ली के पर्यटन को प्रमोट करने के लिए 'ब्रांडिंग कैम्पेन' लॉन्च किया जाएगा, जिससे दिल्ली पर्यटन उद्योग दुनिया में नई संभावनाओं का केंद्र बनेगी। यह बात दिल्ली के पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने गुरुवार को द्वारका स्थित यशोभूमि के कन्वेंशन सेंटर में कही। कपिल मिश्रा ने यहां बीएलटीएम 2025 का रिबन काटकर भव्य उद्घाटन किया। इस अवसर पर देश-विदेश से आए पर्यटन, हॉस्पिटैलिटी और एमआईसीई उद्योग से जुड़े अनेक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कपिल मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली को इस भव्य आयोजन के लिए चुना जाना गर्व की बात है। देश-विदेश से आए प्रतिभागियों को एक मंच पर देखना भारत के पर्यटन और व्यापारिक क्षमताओं की मजबूती को दर्शाता है। यहां नई तकनीकों, सेवाओं और सहयोग की संभावनाओं को देखकर महसूस हो रहा है कि हमारा देश वैश्विक मंच पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। बीएलटीएम ने पर्यटन और व्यापारिक यात्राओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट संवाद और साझेदारी का मंच प्रदान किया है।

## एबीवीपी ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन

नई दिल्ली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप), के प्रतिनिधिमंडल ने गुरूवार को भारत सरकार के केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। एबीवीपी के अखिल भारतीय चिकित्सा छात्र आयाम 'मीडिविज़न' के माध्यम से देशभर के मेडिकल एवं डेंटल विद्यार्थियों से संवाद करते हुए शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र की चुनौतियों को स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष प्रमुखता से रखा गया। इस ज्ञापन में आत्मनिर्भर और स्वस्थ भारत 2047 के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सुधारों पर विशेष बल दिया गया। एबीवीपी के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि एबीवीपी का दृढ़ विश्वास है कि चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सुधार ही आत्मनिर्भर और स्वस्थ भारत की नींव हैं। नीति-निर्माण में मेडिकल छात्रों की आवाज़ सुनी जानी चाहिए और उनके हितों की रक्षा पारदर्शी शैक्षणिक संरचनाओं व स्टाइपेंड व्यवस्था से की जानी चाहिए।

## 'आईआईटी दिल्ली ने ट्रांस-यमुना क्षेत्र में की 18 नए बस रूट की पहचान'

नई दिल्ली। आईआईटी दिल्ली की तकनीकी सहायता से रूट रेशनलाइजेशन के बाद दिल्ली के ट्रांस-यमुना क्षेत्र में 18 नए बस रूट की पहचान की गई है। इस बात की जानकारी गुरुवार को दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने दी। मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि रूट रेशनलाइजेशन का मुख्य उद्देश्य दिल्ली के अंतिम छोर तक डीटीसी बसों की कनेक्टिविटी बढ़ाकर उन क्षेत्र को सार्वजनिक परिवहन से जोड़ने के साथ यात्री फ्रेंडली बनाकर जाम की समस्या कम करने के साथ मेट्रो स्टेशनों और प्रमुख औद्योगिक केंद्रों के साथ लास्ट-माइल कनेक्टिविटी को और सशक्त करना है। रूट रेशनलाइजेशन के जरिए हजार से अधिक स्टॉप को जोड़ने के साथ ज्यादातर उन इलाकों तक बसों की कनेक्टिविटी बढ़ाने का प्रयास किया गया है, जहां पहले बस सेवा की पहुंच नहीं थी। मंत्री डॉ. पंकज ने कहा कि हमारी सरकार ग्रीन दिल्ली और क्लीन दिल्ली के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## नव निर्वाचित उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से एलजी ने की मुलाकात

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने नव निर्वाचित उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से मिलकर उन्हें जीत के लिए बधाई देते हुए सम्मानित किया। राजनिवास के अनुसार चुनाव में जीत के बाद सीपी राधाकृष्णन से एलजी सक्सेना ने औपचारिक रूप से भेंट की और बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर एलजी सक्सेना ने उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन से दिल्ली के कई मुद्दों पर चर्चा भी की। वहीं एलजी ने इस मुलाकात की फोटो अपने अधिकृत सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट की।

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427
आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

नियमित आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती

नियमित आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/10 (नियमित पद)

| पद का नाम | श्रेणी | रिक्तियों की संख्या | 31.08.2025 को आयु (वर्ष) | |
|---|---|---|---|---|
| | | | न्यूनतम | अधिकतम |
| प्रबंधक (उत्पाद-डिजिटल प्लेटफॉर्म) | एमएमजीएस-III | 34 | 28 | 35 |
| उप प्रबंधक (उत्पाद-डिजिटल प्लेटफॉर्म) | एमएमजीएस-II | 25 | 25 | 32 |

विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/11 (नियमित पद)

| पद का नाम | श्रेणी | रिक्तियों की संख्या | 31.08.2025 को आयु (वर्ष) | |
|---|---|---|---|---|
| | | | न्यूनतम | अधिकतम |
| प्रबंधक (क्रेडिट विश्लेषक) | एमएमजीएस-III | 63 | 25 | 35 |

पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi/web/careers/current-openings पर लॉग ऑन करें, जहाँ आवेदन तथा आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा किया जा सकता है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया "CONTACT US" > "Post Your Query" लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो बैंक की अधिकृत वेबसाइट (https://bank.sbi/web/careers/post-your-query) पर उपलब्ध है.

- आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 11.09.2025 से 02.10.2025 तक.

स्थान: मुंबई
दिनांक: 11.09.2025
महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)

## दिल्ली के जल एवं पीडब्ल्यूडी मंत्री ने दी जानकारी

# पीएम के जन्मदिन पर जल बोर्ड और पीडब्ल्यूडी तीन हजार करोड़ रुपए की योजनाएं जनता को करेंगे समर्पित : प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में दिल्ली सरकार 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक विशेष सेवा पखवाड़ा की शुरुआत कर रही है। इसमें दिल्ली सरकार राजधानी की जनता को एक ऐतिहासिक विकास पैकेज देने की तैयारी कर रही है। इसी के तहत प्रधानमंत्री के पर दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) 3 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं जनता को समर्पित करेंगे, जिनका उद्देश्य दिल्ली की पेयजल आपूर्ति, सीवेज ट्रीटमेंट, ड्रेनेज और सड़क अवसंरचना को नई ऊंचाइयों तक ले जाना है। इस बात की जानकारी गुरुवार को दिल्ली जल एवं पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने दी है।

मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड अपनी 13 परियोजनाएं दिल्ली की जनता को समर्पित करेगा वहीं पीडब्ल्यूडी भी कई महत्वपूर्ण योजनाएं समर्पित कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर ये परिवर्तनकारी परियोजनाएं दिल्ली की जनता के लिए हमारी सरकार का उपहार होंगी। जल पाइपलाइन से लेकर फ्लाईओवर तक, हर पहल राजधानी को और अधिक स्वस्थ, सुरक्षित और आधुनिक बनाने की दिशा में उठाया गया कदम है। उन्होंने आगे कहा यह सेवा पखवाड़ा दिल्ली के लिए एक नया मोड़ साबित होगा। हजारों करोड़ की परियोजनाओं के माध्यम से हम जनसेवा और आधुनिक अवसंरचना में नए मानक स्थापित करेंगे। ये प्रयास केवल विकास तक सीमित नहीं हैं, ये समाज की सच्ची सेवा हैं। सेवा पखवाड़ा के साथ इन परियोजनाओं को जोड़कर दिल्ली सरकार ने यह दोहराया है कि सेवा का मार्ग विकास से होकर ही जाता है। जहां डीजेबी की योजनाएं जल और स्वच्छता की सुविधा में सुधार लाएंगी, वहीं पीडब्ल्यूडी की पहलें यातायात को सुगम बनायेंगी। मंत्री प्रवेश ने कहा कि यह संगठित प्रयास न केवल दिल्ली की शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करेगा बल्कि सेवा की उस भावना का प्रतीक भी बनेगा, जिससे विकास का लाभ सीधे प्रत्येक नागरिक तक पहुंचे।

### दिल्ली जल बोर्ड की 13 परियोजनाएं होंगी समर्पित

प्रधानमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर दिल्ली जल बोर्ड आने वाले दिनों में 13 बड़ी परियोजनाओं को शुरू करेगा। इनमें सोनिया विहार में व्यापक सीवर नेटवर्क फैलाना, पल्ला में मास्टर बैलेंसिंग रिजर्वायर (एमबीआर) की स्थापना, जो दिल्ली की जल भंडारण और वितरण व्यवस्था को मजबूती देगा। वहीं बिजवासन में नया अंडरग्राउंड रिजर्वायर (यूजीआर), जिससे दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में जल आपूर्ति को स्थिरता मिलेगी।

इसके साथ ही ओखला सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का उन्नयन होगा, जो राजधानी के सबसे बड़े संयंत्रों में से एक है और यमुना नदी को प्रदूषण से बचाने में मदद करेगा।

# फरीदाबाद, मानेसर और गुरुग्राम के लिए विशेष योजना, कचरे से बनाएंगे बिजली

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने प्रदेश में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा के लिए उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में निर्णय लिया गया कि फरीदाबाद, मानेसर और गुरुग्राम में वेस्ट-टू-एनर्जी संयंत्रों की स्थापना की जाएगी, जिनके माध्यम से प्रतिदिन उत्पन्न होने वाले ठोस कचरे को ऊर्जा में परिवर्तित कर बिजली उत्पादन किया जाएगा। आने वाले कुछ महीनों में इन संयंत्रों की स्थापना का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा और अगले 24 महीनों के भीतर ये संयंत्र पूरी तरह से चालू हो जाएंगे। बैठक में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, ठोस कचरा प्रबंधन प्रणाली को आधुनिक स्वरूप देने तथा जनसहभागिता के माध्यम से अभियान को व्यापक जन आंदोलन बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विशेष रूप से गुरुग्राम और फरीदाबाद के लिए एक समग्र और विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए, ताकि इन जिलों में ठोस कचरे के निस्तारण की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई के प्रयासों को धरातल पर उतारने के लिए आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक तरीकों का उपयोग किया जाए।



## मुख्यमंत्री ने सफाई की बोले- प्रदेश को देश में अग्रणी बनाएंगे

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था प्रबन्धन व जन भागीदारी के साथ गुरुग्राम को स्वच्छता रैंकिंग में नम्बर वन बनाना है। उन्होंने आह्वान किया कि गुरुग्रामवासी स्वच्छ गुरुग्राम थीम के साथ स्वच्छ, शुद्ध व स्वस्थ गुरुग्राम बनाने में योगदान दें। मुख्यमंत्री ने गुरुवार की सुबह हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत गुरुग्राम में मेगा स्वच्छता अभियान में सोहना चौक व सेक्टर 52 क्षेत्र में स्वयं सफाई करते हुए आमजन को स्वच्छता बनाये रखने का संदेश दिया। इस मौके पर गुरुग्राम से विधायक मुकेश शर्मा व सोहना के विधायक तेजपाल तंवर भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने स्वच्छता मित्रों के साथ स्वयं भी श्रमदान किया और लोगों को स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया।

### बनाई गई बिजली को ग्रिड में जोड़कर शहरों में सप्लाई करेंगे

इन वेस्ट-टू-एनर्जी संयंत्रों से अनेक लाभ होंगे। इन संयंत्रों के माध्यम से कचरे से सीधे बिजली उत्पादन किया जाएगा, जिससे पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों जैसे कोयला और पेट्रोलियम पर निर्भरता कम होगी। यहां से उत्पन्न बिजली को ग्रिड में जोड़कर शहरों की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा किया जा सकेगा। इससे हरियाणा की स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन क्षमता बढ़ेगी और राज्य सतत विकास की दिशा में आगे बढ़ेगा। इन संयंत्रों के संचालन और रख-रखाव से स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर रोजगार और स्वरोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। यह पहल हरियाणा को कार्बन उत्सर्जन में कमी और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अग्रणी बनाएगी।

### स्वच्छता अभियान जन आंदोलन बन रहा

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अभियान शुरू किया गया था। उनके कुशल नेतृत्व में पूरे देश में स्वच्छता अभियान जन आंदोलन बन रहा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं बल्कि यह सभी प्रदेशवासियों की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## खबर संक्षेप

### रात 8 बजे पटना से चलेगी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन



पटना। बिहार को आगामी विधानसभा चुनाव से पहले देश की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस स्लीपर ट्रेन मिलने जा रही है। यह ट्रेन पटना-दिल्ली रूट पर चलाई जाएगी। सितंबर अंत तक दिल्ली - पटना के बीच वंदे भारत स्लीपर ट्रेन शुरू करने की तैयारी शुरू कर दी है। दोनों शहरों के बीच की दूरी महज साढ़े 11 घंटे में तय की जा सकेगी। पटना से यह ट्रेन रात 8 बजे रवाना होगी।

### बिहार के मुंगेर से उड़ान भरेंगे 10 सीटर विमान



मुंगेर। मुंगेर में हवाई अड्डा की विस्तारीकरण योजना को लेकर की जा रही कवायद गति पकड़ने लगी है। अथॉरिटी ऑफ इंडिया से ओएलएस सर्वे के लिए तीन सदस्यीय टीम गुरुवार को हवाई अड्डा पहुंची। एएआई के जीआईएस के सीनियर एनालिस्ट योगेंद्र कुमार के नेतृत्व में एनालिस्ट प्रवीण कुमार व निजकूल ने वर्तमान हवाई अड्डा के सतही सर्वेक्षण का काम शुरू किया।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय नजरबंद



लखनऊ। राजधानी लखनऊ में गुरुवार को पुलिस ने कांग्रेस के यूपी प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को उनके घर पर नजरबंद कर लिया। राय ने 11.30 बजे प्रदेश कार्यालय पर प्रेस कान्फ्रेंस बुलाई थी। वह घर से निकलते इससे पहले ही पुलिस ने दस्तक दी। अजय राय ने एक्स पर लिखा कि पुलिस भेजकर हमें रोकना, कार्यकर्ताओं की आवाज दबाना। ये लड़ाई को रोक नहीं पाएगा।

### नेपालगंज से 15 की जगह चल रहीं सिर्फ चार बसें

# नेपाल हिंसा से मैत्री सेवा प्रभावित, रोडवेज को 25 लाख की अब तक लग चुकी चपत

नेपाल में अशांति के कारण भारत-नेपाल मैत्री बस सेवा बाधित हुई है जिससे उत्तर प्रदेश रोडवेज को भारी नुकसान हो रहा है। देवीपाटन मंडल और बढ़नी बॉर्डर से संचालित होने वाली कई बसें प्रभावित हैं जिसके चलते प्रतिदिन लगभग पांच लाख रुपए का नुकसान हो रहा है। अब तक रोडवेज को 25 लाख रुपये की चपत लग चुकी है जिससे अधिकारियों में चिंता है।

**खास बातें**

- प्रतिदिन पांच लाख रुपए की चपत लग रही है
- आंदोलन के बाद शुरू हुए उपद्रव से भारत-नेपाल बार्डर बंद कर दिया गया




एजेंसी ▸▸ गोंडा

नेपाल हिंसा से यहां रोडवेज की कमाई को भी झटका लगा है। भारत-नेपाल मैत्री बस सेवा के तहत देवीपाटन मंडल से 15 बसें नेपाल के नेपालगंज व 20 से अधिक बसें बढ़नी बार्डर से लखनऊ, कानपुर, जयपुर, दिल्ली समेत अन्य शहरों के लिए चलती थीं, जिनका संचालन फिलहाल प्रभावित है। तीन-चार बसें ही चल रही हैं, जिससे प्रतिदिन पांच लाख रुपए की चपत लग रही है। अब तक लगभग 25 लाख रुपए का नुकसान हो चुका है।

### आंदोलन के चलते यात्रियों की संख्या कम होने लगी

*नेपाल में सात सितंबर से शुरू हुए आंदोलन से ही वहां से निकलने यात्रियों की संख्या कम होने लगी थी। नेपाल-भारत मैत्री सेवा के तहत देवीपाटन मंडल के रुपईडीहा रोडवेज डिपो नेपाल के नेपालगंज में नेपाल बस पार्क से लखनऊ व दिल्ली, जयपुर के लिए सीधी 15 बस सेवाएं संचालित करता है। इनके जरिए नेपाली हरिद्वार, वाराणसी जयपुर, दिल्ली, लखनऊ, कानपुर समेत अन्य महानगरों की ओर जाते थे। दस दिन पहले तक नेपालगंज से प्रतिदिन चार रोडवेज बसें हरिद्वार, एक ऋषिकेश व पांच बसें दिल्ली के लिए निकलती थीं। इनके अलावा जयपुर, अजमेर के लिए पांच बसें चलती थीं। आंदोलन शुरू हुआ तो यात्री घटते चले गए। अब मात्र दो बसे दिल्ली व एक-एक बस हरिद्वार व जयपुर जा रहीं हैं। बाकी अन्य बसें यात्री न मिलने से बंद हैं। आंदोलन के बाद शुरू हुए उपद्रव से भारत-नेपाल बार्डर बंद कर दिया गया, जिसके बाद बढ़नी से विभिन्न शहरों के लिए चलने वाली बस सेवाएं प्रभावित हो गईं। बलरामपुर डिपो से चार बसें बढ़नी-कानपुर के लिए चलती थीं। इनके अलावा गोरखपुर, बस्ती, शोहरतगढ़ समेत अन्य 15 बसें चलती थीं, जिनसे नेपाली लखनऊ, अयोध्या, वाराणसी, जयपुर समेत अन्य शहरों के लिए जाते थे लेकिन इक्का दुक्का चल रही है। इससे रोडवेज प्रतिदिन पांच लाख का नुकसान उठाना पड़ रहा है। अब तक लगभग 25 लाख रुपये की चपत लग चुकी है।*

### नेपालगंज से 15 रोडवेज बसें दिल्ली, जयपुर के लिए चलती थी

*रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक अरविंद कुमार बताते हैं कि नेपालगंज से 15 रोडवेज बसें दिल्ली, जयपुर समेत विभिन्न स्थानों के लिए चलती थी,जो अब बंद है इससे रुपईडीहा डिपो को ही 15 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। यही नहीं बार्डर बंद होने से बलरामपुर डिपो को अकेले पांच लाख व सिद्धार्थनगर,गोरखपुर,बस्ती समेत अन्य डिपो को भी पांच लाख का नुकसान हुआ है। रुपईडीहा व बलरामपुर के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों से मिली नुकसान की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जा रही है।*

## झारखंड के मंत्री इरफान अंसारी और पूर्व सांसद फुरकान अंसारी 10 साल पुराने केस में बरी

एजेंसी ▸▸ दुमका



झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी और उनके पिता पूर्व सांसद फुकरान अंसारी को कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। दुमका की एक अदालत ने किराएदार से मकान खाली कराने से संबंधित दस साल पुराने मामले में इन दोनों के समेत तीन लोगों को समझौते के आधार पर साक्ष्य के अभाव में रिहा करने का फैसला सुनाया। दुमका के अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी सह सांसद, विधायक की विशेष अदालत के न्यायाधीश मोहित चौधरी की अदालत में गुरुवार को परिवाद वाद (पीसीआर ) संख्या 110/2022 में सजा के बिंदु पर सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की ओर से बहस सुनने के अदालत ने सुलह समझौते के आधार पर साक्ष्य के अभाव में नामजद आरोपी झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री सह जामताड़ा के कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी, उनके पिता पूर्व सांसद फुरकान अंसारी और सत्तार करम को रिहा करने का फैसला सुनाया।

## बिहार में हर महीने 20 हजार तक की मदद का परिवार लाभ कार्ड फॉर्म भरवा रहे हैं पीके



सरकार बनने के बाद चुनावी वादों का लाभ देने के लिए वोटरों से पहले फॉर्म भरवाने का चलन बिहार पहुंच गया है। बिहार में चुनाव से पहले प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी परिवार लाभ कार्ड नाम से एक फॉर्म भरवा रही है, जिसके तहत पांच तरह के लाभ के जरिए हर परिवार को लगभग 20 हजार रुपए महीने तक के फायदे का वादा किया जा रहा है। पार्टी का दावा है कि उसे अब तक लगभग 50 लाख फॉर्म मिल भी चुका है।

## पेज एक का शेष

### भारत ने मॉरीशस को दिया...

वहीं, दूसरी ओर दोनों देश स्थानीय मुद्राओं में व्यापार करने के लिए भी राजी हुए। जल्द ही इसकी आधिकारिक रूप से शुरुआत की जाएगी। आर्थिक पैकेज से मॉरीशस में इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगा, रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और स्वास्थ्य सुविधाएं सुदृढ़ होंगी। विदेश मंत्रालय ने 11 सितंबर को जारी किए गए अपने बयान के जरिए यह जानकारी दी है।

**भारत की राजकीय यात्रा पर डॉ.रामगुलाम :** गौरतलब है कि मॉरीशस के प्रधानमंत्री बीते 9 सितंबर से भारत की 8 दिवसीय राजकीय यात्रा पर हैं। उनके साथ उनकी पत्नी वीना रामगुलाम, कैबिनेट के 6 मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और एक व्यावसायिक प्रतिनिधिमंडल भी शामिल है। वाराणसी के बाद पीएम रामगुलाम अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन करेंगे। उनका तिरुपति जाने का भी कार्यक्रम है। जिसके बाद वह नई दिल्ली लौटेंगे और यहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ वह शिष्टाचार भेंट करेंगे।

**दोनों देशों के बीच हुए 7 समझौते :** बैठक के बाद भारत-मॉरीशस के बीच कुल 7 समझौतों-एमओयू पर हस्ताक्षर के साथ उनका आदान-प्रदान किया गया। जबकि तीन घोषणाएं हुईं। समझौतों में विज्ञान-प्रौद्योगिकी, समुद्री विज्ञान, लोकसेवा-प्रशासनिक सुधार, विद्युत, लघु विकास परियोजनाओं, हाइड्रोग्राफी और स्पेस जैसे क्षेत्र मुख्य हैं। जबकि घोषणाओं में आईआईटी मद्रास, मॉरीशस विवि, रेडुइट के बीच एमओयू हुआ, भारतीय प्लांटेशन प्रबंधन संस्थान (बेंगलुरु), मॉरीशस विवि के बीच एमओयू टैमरिंड फॉल्स में 17.5 मेगावाट की फ्लोटिंग सोलर पीवी परियोजना स्थापित करने के लिए जीटूजी को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई गई है। इस संबंध में समझौते के लिए एनटीपीसी की एक टीम जल्द मॉरीशस का दौरा करेगी।

**साझा भविष्य में किया भारत ने निवेश :** प्रधानमंत्री मोदी ने बैठक के बाद दिए संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा कि भारत द्वारा मॉरीशस को दिया गया आर्थिक पैकेज किसी तरह की कोई सहायता नहीं है। बल्कि यह हमारे साझा भविष्य में किया गया निवेश है। पिछले साल मॉरीशस में यूपीआई और रुपे कार्ड की शुरुआत हुई थी और अब हम स्थानीय मुद्रा में व्यापार को सक्षम करने की दिशा में काम करेंगे। हम दोनों दो देश तो हैं ही लेकिन हमारे सपने और भविष्य भी एक हैं। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बताया कि शीर्ष नेताओं की बातचीत में दोनों देशों के बीच स्थानीय मुद्रा में व्यापार के मामले पर सहमति बनी है। लेकिन वर्तमान में दोनों देशों के केंद्रीय बैंकों के बीच फिलहाल इस पर बातचीत जारी है। जिसमें तकनीकी मामले जैसे नॉस्ट्रो-वोस्ट्रो खातों को खोला जाना भी शामिल है। ऐसे में जल्द ही ऑपरेशनल कवायद पूरी होने के बाद स्थानीय मुद्रा में व्यापार का आगाज किया जाएगा। दिल्ली से बाहर इस बैठक के आयोजन को लेकर मिस्री ने कहा, पीएम की यह सोच रही है कि देश की विदेश नीति और कूटनीति को राष्ट्रीय राजधानी के बाहर लेकर जाना चाहिए। विदेश नीति केवल एक शहर की नहीं बल्कि पूरे देश की नीति है। इसलिए वैश्विक कार्यक्रम राष्ट्रीय राजधानी के बाहर बाकी शहरों में भी होने चाहिए। जिसे देखते हुए यह बैठक वाराणसी में हुई।

### इन तीन भागों में बंटेगा...

उपकरणों की खरीद मुख्य है। दूसरे भाग में रणनीतिक मोर्चे पर मॉरीशस में बंदरगाह का पुनर्विकास-पुनर्निर्माण और चागोस समुद्री संरक्षित क्षेत्र के विकास, निगरानी में भारत सहायता करेगा। तीसरे भाग में भारत सरकार मौजूदा वित्त वर्ष में मॉरीशस को 25 मिलियन डॉलर की बजटीय सहायता प्रदान करने के लिए सैद्धांतिक रूप से सहमत है।

### गेमिंग कानून के...

ओर से फंडिंग गतिविधि देखी गई। पीक 15 पार्टनर्स 42 स्टार्टअप्स में निवेश के साथ सबसे बड़े निवेशक बनकर उभरे। रिपोर्ट में देश का सबसे मूल्यवान यूनिकॉर्न जेरोधा को बताया गया। इसकी वैल्यू करीब में 8.2 अरब डॉलर आंकी गई है। 7.5 अरब डॉलर वैल्यू रेजरपे व लेंसकार्ट की और 7 अरब डॉलर की वैल्यू ग्रो की रही। हुरुन की लिस्ट में वे क्रमशः दूसरे और तीसरे नंबर पर हैं। ये कंपनियां सामूहिक रूप से 2,06,000 से ज्यादा लोगों को रोजगार देती हैं। इनमें लेंसकार्ट, ऑफबिजनेस और फिजिक्सवाला कार्यबल के मामले में सबसे आगे हैं। रिपोर्ट में स्टार्टअप्स में बढ़ती विविधता के बारे में भी बताया गया है। इसमें रुचि कालरा (ऑफबिज़नेस), विनीता सिंह (शुगर कॉस्मेटिक्स) और गरिमा साहनी (प्रिस्टिन केयर) जैसी महिला संस्थापक शामिल हैं। सबसे कम उम्र के यूनिकॉर्न संस्थापकों में 22 वर्षीय कैवल्य वोहरा और जेप्टो के आदित पलिचा शामिल हैं।

### काठमांडू जा रहे...

पर टैक्सी करते समय विमान के टेलपाइप में आग लग गई थी, इसकी सूचना एक अन्य विमान के पायलट ने दी थी। एयरलाइन की तरफ से इसको लेकर एक बयान जारी किया गया, जिसमें बताया कि 11 सितंबर, 2025 को दिल्ली से काठमांडू के लिए उड़ान भरने वाला स्पाइसजेट का एक विमान वापस लौट आया क्योंकि जमीन पर मौजूद एक अन्य विमान ने संदिग्ध टेलपाइप में आग लगने की सूचना दी थी। कॉकपिट में कोई चेतावनी या संकेत नहीं देखा गया था, लेकिन पायलटों ने ऐहतियाती सुरक्षा उपाय के रूप में वापस लौटने का फैसला किया।

### ब्रेन ईटिंग अमीबा...

मरने वालों की संख्या बढ़कर 6 हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि मलप्पुरम जिले में शाजी (47) नामक व्यक्ति की गुरुवार को मौत हो गई। इसके साथ पिछले एक महीने में केरल में तथाकथित दिमाग खाने वाले संक्रमण से मरने वालों की संख्या छह पहुंच गई है।

मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों के अनुसार शाजी को 9 अगस्त को भर्ती कराया गया था। उनकी हालत गंभीर हो गई और गुरुवार सुबह उनकी मृत्यु हो गई। अधिकारियों ने कहा, अभी यह पुष्टि की जा रही है कि उन्हें संक्रमण कैसे हुआ? गौरतलब है कि अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस मुख्य रूप से दूषित पानी में मौजूद अमीबा के संपर्क में आने के कारण होता है। वर्तमान में, कोझिकोड मेडिकल कॉलेज में संक्रमण के लिए 10 मरीजों का इलाज चल रहा है। इससे पहले सोमवार को, मलप्पुरम जिले में 54 वर्षीय महिला की भी इस बीमारी से मृत्यु हो गई थी।

### राहुल लगातार तोड़..

राजनीतिक कार्यक्रमों के लिए विदेश यात्रा करते रहे हैं। यलो बुक प्रोटोकॉल के तहत उच्च श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त व्यक्तियों को पर्याप्त सुरक्षात्मक तैनाती सुनिश्चित करने के लिए विदेश यात्रा सहित अपनी गतिविधियों के बारे में उन्हें सुरक्षा प्रदान करने के लिए नियुक्त सुरक्षा विंग को पूर्व सूचना देनी होती है। अधिकारियों ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने इन प्रक्रियाओं का लगातार पालन नहीं किया है। यह पहली बार नहीं है, जब राहुल गांधी की सुरक्षा जांच के दायरे में आई है। इससे पहले भी सुरक्षा एजेंसियों ने ऐसे मामलों को उजागर किया है, जहां उन्होंने कथित तौर पर स्थापित प्रोटोकॉल की अनदेखी की, जिससे संभावित खतरों को लेकर चिंताएं पैदा हुईं।

**संभावित जोखिमों के प्रति चेताया :** पत्र में कहा गया है कि राहुल को एडवांस सिक्योरिटी लाइजन (एएसएल) कवर के साथ उच्चतम स्तर की जेड प्लस सुरक्षा प्राप्त है। उन्होंने कई मौकों पर अनिवार्य सुरक्षात्मक उपायों का पालन करने में समर्थता जताई। सीआरपीएफ ने हाल ही में राहुल और खरगे दोनों को भेजे गए पत्र में कहा कि इस तरह की चूक वीवीआईपी सुरक्षा व्यवस्था की प्रभावशीलता को कमजोर करती है और उन्हें संभावित जोखिमों के प्रति संवेदनशील बना सकती है।

**6 देशों में सुरक्षा की अनदेखी की :** सीआरपीएफ ने 10 सितंबर को दोनों नेताओं को भेजे गए अलग-अलग पत्रों में यह मुद्दा उठाया और भविष्य की यात्राओं के दौरान सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने की अपील की। अपने पत्र में सीआरपीएफ ने राहुल गांधी की इटली, वियतनाम, दुबई, कतर, लंदन और मलेशिया जैसे देशों की विदेश यात्राओं का जिक्र किया।

### तनाव के बीच एचएएल...

**विमानों की आवक में बनी हुई है देरी :** मालूम हो कि अमेरिका से इंजनों की आपूर्ति में हो रही देरी की वजह से एचएएल तेजस मार्क1ए लड़ाकू विमानों की वायुसेना को समयबद्ध डिलीवरी नहीं हो कर पा रहा है। जिसे लेकर बीते वक्त में रक्षा मंत्रालय और वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह भी अपनी नाराजगी जता चुके हैं।

### त्रिवेणी पोत से 26 हजार...

कमांडर रूपा. ए और दिलना.के तारिणी पोत पर सवार होकर समुद्र के रास्ते विश्व की सफल परिक्रमा कर चुकी हैं।

**चुनौतियां आएंगी लेकिन पार पाना होगा :** राजनाथ सिंह ने कहा कि यह अभियान केवल एक जहाज पर की गई यात्रा नहीं बल्कि एक आध्यात्मिक साधना और अनुशासन-दृढ़ संकल्प के समान है। अभियान के दौरान हमारी महिला अधिकारियों को कई प्रकार की चुनौतियों से दो-चार होना पड़ सकता है। लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि उनके दृढ़ संकल्प की लौ अंधकार को चीरती हुई आगे बढ़ेगी। जिसमें वो सुरक्षित घर लौटकर पूरी दुनिया को दिखाएंगी कि भारतीय महिलाओं का पराक्रम किसी भी सीमा से परे है। उन्होंने इस त्रि-सेवा अभियान को तीनों सेनाओं के बीच एकजुटता को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता का एक बड़ा उदाहरण बताया। साथ ही कहा कि जब सशस्त्र बलों के बीच एकजुटता की भावना होती है। तो बड़ी से बड़ी चुनौती भी छोटी लगती है।

**टीम ने लिया 3 साल का प्रशिक्षण :** मंत्रालय ने बताया कि समुद्र प्रदक्षिणा में शामिल 10 महिलाओं में अभियान की लीडर लेफ्टिनेंट कर्नल अनुजा वरुडकर, उप अभियान नेता स्क्वाड्रन लीडर श्रद्धा पी राजू, मेजर करमजीत कौर, मेजर ओमिता दलवी, कैप्टन प्राजक्ता पी निकम, कैप्टन दौली बुटोला, लेफ्टिनेंट कमांडर प्रियंका गुसाईं, विंग कमांडर विभा सिंह, स्क्वाड्रन लीडर अरुवी जयदेव और स्क्वाड्रन लीडर वैशाली भंडारी शामिल हैं। अभियान से पहले टीम ने 3 साल का कठोर प्रशिक्षण लिया है। जिसकी शुरुआत क्लास बी जहाजों पर छोटे अपतटीय अभियानों से हुई और फिर पिछले साल अक्टूबर महीने में अधिग्रहित श्रेणी ए नौका त्रिवेणी तक यह टीम पहुंची है। इनकी तैयारी में भारत के पश्चिमी समुद्री तट के साथ उत्तरोत्तर चुनौतीपूर्ण यात्राएं और इस साल की शुरुआत में मुंबई से सेशेल्स व वापसी का एक ऐतिहासिक वैश्विक अभियान शामिल रहा है। जिसने इनके समुद्री कौशल, स्थायित्व और आत्मनिर्भरता को प्रमाणित किया।

### 31 साल पहले दो सगे भाइयों की हत्या, भारी फोर्स तैनात

# पूर्व बसपा विधायक छोटे सिंह को आजीवन कारावास की सजा

एजेंसी ▸▸ कानपुर

उरई में दो सगे भाइयों की हत्या में दोषी करार बसपा के पूर्व विधायक छोटे सिंह चौहान ने गुरुवार को आत्मसर्मपण किया। एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई के बाद न्यायाधीश भारतेंदु सिंह ने पूर्व विधायक को दोषी करार करते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सजा का एलान होते ही पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया है। उन्हें जेल ले जाया जाएगा। वहीं, कोर्ट के बाहर भारी मात्रा में उनके समर्थक मौजूद हैं। इसलिए पुलिस भारी संख्या में तैनात कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि चुर्खी थाना क्षेत्र के बिनौरा बैध गांव में 30 मई 1994 की दोपहर प्रधान के चुनाव की रंजिश व वर्चस्व को लेकर गांव के ही राजकुमार उर्फ राजा भइया और उनके सगे भाई जगदीश शरण की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। सोमवार को एमपी-एमएलए कोर्ट ने इस मामले में पूर्व विधायक छोटे सिंह चौहान को दोषी करार दिया। सजा सुनाने के लिए 11 सितंबर की तारीख तय की गई थी। दोषी करार होने के बाद से छोटे सिंह फरार था।



### राजनैतिक षड्यंत्र में फंसाया जा रहा

*अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पूर्व विधायक छोटे सिंह चौहान ने लिखा है कि मेरे पूरे विधानसभा परिवार को मेरा प्रणाम। जैसा की सर्वविदित है कि किस प्रकार आपके इस सेवक को राजनैतिक षड्यंत्र में फंसाया जा रहा है... परंतु मुझे भारत की न्याय व्यवस्था पर पूरा भरोसा है...। क्योंकि उक्त प्रकरण में मेरी किसी भी प्रकार की संलिप्तता नहीं थी... परंतु कुछ गणमान्य व्यक्तियों को मेरा क्षेत्र में रहना व सबके सुख-दुख में शामिल होना खल रहा था। आज मेरे साथ पूरा जनपद परिवार खड़ा हुआ है।*

## रक्षा मंत्रालय ने झूंसी में करीब 100 घरों पर लगाया लाल निशान, खाली करने का निर्देश, मचा हड़कंप




एजेंसी ▸▸ प्रयागराज

रक्षा मंत्रालय ने नई झूंसी इलाके के पूरे सूरदास के करीब 100 मकानों पर निशान लगा दिया है। इसमें नई झूंसी पुलिस चौकी और भारतीय स्टेट बैंक की शाखा भी शामिल है। सेना ने जल्द से जल्द मकान खाली करने का नोटिस जारी कर दिया है। लाल निशान लगने के बाद पूरे मुहल्ले में खलबली मच गई है। रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों का कहना है कि यहां की तकरीबन 75 एकड़ जमीन सेना की है।

सेना की जमीन पर लोगों अवैध रूप से कब्जा करके कॉलोनी तैयार कर दी है। इन लोगों को मकान खाली करने के लिए पहले नोटिस दिया जा चुका है, लेकिन इस पर अमल नहीं किया गया। सेना के अधिकारियों ने जिन घरों पर दुकानों पर लाल निशान लगाया है उनके मालिकों को मकान के कागजात और जमीन के दस्तावेजों के साथ 17 सितंबर को कार्यालय में तलब किया है। लाल निशान लगते ही पूरे मुहल्ले में खलबली मच गई है।

### नीतीश की शराबबंदी पर जीतनराम मांझी का फायर

# लिटल-लिटल पीने वालों को माफी दे सरकार

एजेंसी ▸▸ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले शराबबंदी को लेकर सियासी पारा गर्मा गया है। केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने नीतीश सरकार की शराबबंदी पर एक बार फिर निशाना साधा है।

मांझी ने लिटल-लिटल यानी कि थोड़ी-बहुत शराब पीने वाले लोगों के खिलाफ दर्ज केस को आगामी बिहार विधानसभा चुनाव से पहले खत्म करने की मांग भी कर दी। उन्होंने कहा कि पीने के लिए शराब ले जाने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। शराब पीने वालों को पकड़ने के बजाय उसे बनाने और तस्करी करने वाले माफिया के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

**बिहार विधानसभा चुनाव से पहले दर्ज केस खत्म करने की मांग**



### बड़े-बड़े शराब तस्करों को छोड़ रही है पुलिस

*मांझी ने आरोप लगाया कि पुलिस अपना पाप छिपाने के लिए बड़े-बड़े शराब तस्करों को छोड़ रही है और खानापूर्ति के लिए गरीबों को पकड़कर जेल भेज रही है। इस बात को नीतीश कुमार को समझना चाहिए। तीसरी बार जो समीक्षा हुई उसके अनुरूप चुनाव के पहले शराबबंदी के छोटे केसों को खत्म कर देना चाहिए।*

### बड़े शराब माफिया को पकड़ने के लिए सघन अभियान चलाए

*सत्ताधारी एनडीए में शामिल हिंदुस्तान आवाम मोर्चा (हम) के सुप्रीमो जीतनराम मांझी ने गुरुवार को मीडिया से बातचीत में शराबबंदी पर सवाल उठाए। उन्होंने सीएम नीतीश से कहा कि बड़े पैमाने पर हजारों-लाखों लीटर शराब बनाने वाले माफिया को पकड़ने के लिए सघन अभियान चलाना चाहिए। मांझी ने कहा, शराबबंदी पर तीसरी बार जब समीक्षा हुई थी, तब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा था कि अगर कोई व्यक्ति पीने के लिए थोड़ी मात्रा में शराब ले जा रहा हो, उसे नहीं पकड़ा जाए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार को नीतीश की उस बात पर गौर करते हुए शराब पीने के मामले में पकड़े गए लोगों के खिलाफ दर्ज केस खत्म कर देने चाहिए।*

## चिंतन

# पड़ोसी नेपाल के हालात से सतर्क रहने की जरूरत

प्रधानमंत्री केपी ओली के इस्तीफा देने और सेना के मोर्चा संभालने के बाद धीरे-धीरे नेपाल का जनजीवन पटरी पर लौट रहा है। पूरे देश में वरिष्ठ नेताओं पर हमले हुए। संसद, सुप्रीम कोर्ट, प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति आवास को जला दिया गया। जब नेपाली सेना ने मोर्चा संभाला, तब जाकर कुछ शांति लौटती दिख रही है। हालांकि, जेनरेशन-जी नेताओं ने राष्ट्रपति और सेना प्रमुख से बातचीत के दौरान कई मांगें रखी हैं। इनमें नेपाली संसद को भंग करना, जल्दी चुनाव करवाना और अपनी पसंद के गैर राजनीतिक व्यक्ति को प्रधानमंत्री नियुक्त करना शामिल है। ऐसा भी कहा जा रहा है कि प्रदर्शनकारी नेपाल के संविधान को बदलने की मांग कर रहे हैं, लेकिन अभी तस्वीर साफ नहीं है कि आगे क्या होने वाला है। हां, राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने राष्ट्र को आश्वासन दिया है कि वह संविधान के दायरे में देश के मौजूदा राजनीतिक संकट को सुलझाने के लिए काम कर रहे हैं। माना जा रहा है कि अभी अंतरिम सरकार बनाने की कवायद चल रही है। यही अंतरिम सरकार बाद में नेपाल में चुनाव करवाएगी। अभी नेपाल में जो बवाल और स्थिति है, उसे कंट्रोल करने के लिए अंतरिम सरकार की जरूरत है। अभी नेपाल का मुखिया कौन होगा, यह तय नहीं है। मगर माना जा रहा है कि सुशीला कार्की को अंतरिम सरकार का चीफ बनाया जा सकता है। अगले कुछ ही घंटों में यह साफ हो जाएगा कि नेपाल की कमान कौन संभालने वाला है, लेकिन अभी भी यक्ष प्रश्न यही है कि इतना बड़ा बवाल हुआ क्यों। नेपाल की पूर्व शिक्षा मंत्री सुमना श्रेष्ठ कहती हैं कि हंगामे के पीछे सोशल मीडिया पर प्रतिबंध मुख्य कारण नहीं है। यह तो बस ताबूत में आखिरी कील थी। मेरी पार्टी, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी 21 सांसद, संसद में चौथी सबसे बड़ी पार्टी बन गई, या काठमांडू के मेयर बालेंद्र शाह सबसे लोकप्रिय नेता बन गए, यह यूं ही नहीं हुआ। देश में गहरा आक्रोश और असमानता है। राजनीतिक दल वर्षों से किए गए अपने वादों पर खरे नहीं उतरे हैं। हमें नौकरी और शिक्षा के लिए पलायन करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। हर प्रतिष्ठान पर उन पार्टियों का कब्जा है जो निरंकुश संस्थाओं की तरह चलती हैं। प्रधानमंत्री पद म्यूजिकल चेयर की तरह चल रहा है। इसी से युवाओं में लंबे समय से बहुत गुस्सा था और कुछ निहित स्वार्थी समूह उनके गुस्से का इस्तेमाल कर रहे थे। इसी कारण लोगों के बिजनेस पर हमले हुए। प्रदर्शन शुरू होने के बाद पुलिस ने आधी रात तक बर्बर कार्रवाई की। यूनिफॉर्म पहले बच्चों को गोलियां मारी गई, जिसने आग में घी डालने का काम किया। विरोध इतना हिसंक हुआ कि 30 से ज्यदा लोगों की जान चली गई। अरबों रुपये की संपति का नुकसान हुआ। अब तय है कि सता और व्यवस्था में बड़ा बदलाव होगा। जेन जेड संविधान को पूरी तरह से खारिज करने के बजाय उसके कुछ अनुच्छेदों को निलंबित करना चाहता है। उम्मीद की जा रही है कि 6-12 महीनों में चुनाव होंगे और जनता के नेतृत्व वाली सरकार बनेगी। नेपाल में जो स्थिति बनी, उसके लिए प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली अपने अलावा अन्य किसी को दोष नहीं दे सकते। उनकी मनमानी नीतियां ही उन्हें ले डूबीं। नेपाल के लिए चिंता का विषय केवल यह नहीं कि वहां भावी अंतरिम सरकार किस रूप में गठित होगी। उसके लिए चिंतन की बात यह भी है कि युवाओं में दोबारा ऐसा आक्रोश पैदा न हो। यह सही समय है कि नेताओं की नई पीढ़ी नेपाल का नेतृत्व करने आगे आए और अपने पुराने नेताओं की गलतियों से सबक सीखे। भारत को भी नेपाल की चिंताजनक स्थितियों से सतर्क रहना होगा।

## प्रचलन
विवेक शुक्ला



# चीन की सत्ता व सैन्य शक्ति के प्रतीक हैं काले बाल

चीन की राजधानी बीजिंग में बीती 3 सितंबर को आयोजित विक्ट्री डे परेड ने सारी दुनिया का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया। इसमें चीनी सेना ने अपनी शक्ति, अनुशासन और एकता का शानदार प्रदर्शन किया। परेड में हजारों सैनिकों, नेताओं और सैन्य उपकरणों ने हिस्सा लिया, लेकिन क्या आपने गौर किया कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग से लेकर किसी भी अन्य नेता या सैनिक के चेहरे पर दाढ़ी या मूंछ नहीं थीं। सबके चेहरे सफाचट। टीवी ने राष्ट्रपति शी जिनपिंग को कुछ वयोवद्ध नेताओं से मिलते हुए दिखाया। इन सबकी उम्र 90 या इससे अधिक थी। इनके भी सिर के बाल काले थे। इसका मुख्य कारण है कि चीनी नेता और अधिकारी अपने बालों को काला डाई करते हैं। यह एक लंबी परंपरा है, जो चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) के शीर्ष नेतृत्व में प्रचलित है। बालों को रंगने की ये रिवायत माओत्से तुंग के जमाने से चली आ रही है। लेकिन 1990 के दशक से ये चलन और भी गाढ़ा हो गया है। चीन के नेताओं के काले बालों का राज़ हमेशा से लोगों के लिए कौतूहल का विषय रहा है। चाहे माओ हों या वर्तमान के शी जिनपिंग, वो है उनके चमकदार काले बाल। आखिर क्या वजह है कि ये नेता अपने बालों को हमेशा काला रखते हैं? ये काले बाल चीनी संस्कृति में जवानी, ताकत और ऊर्जा का प्रतीक माने जाते हैं। चीन में बालों का रंग न सिर्फ़ सुंदरता से जुड़ा है, बल्कि ये एक तरह से आपकी सेहत और नेतृत्व की छवि को भी दर्शाता है। सफ़ेद या भूरे बालों को उम्र बढ़ने या कमज़ोरी का संकेत माना जाता है और कोई भी नेता नहीं चाहता कि जनता उसे 'बूढ़ा' या 'कमज़ोर' समझे। बालों को काला रखना एक तरह से अपनी मज़बूत और युवा छवि को बनाए रखने का तरीका है। अगर आप चीनी नेताओं की तस्वीरें देखें, तो लगभग सभी के बाल काले और चमकदार दिखते हैं। ये कोई संयोग नहीं, बल्कि एक सोची-समझी रणनीति है। ये सब जनता की नज़रों में एक मज़बूत इमेज बनाने का खेल है। काले बाल न सिर्फ़ नेताओं को जवां दिखाते हैं, बल्कि ये संदेश भी देते हैं कि वो लंबे समय तक देश को लीड करने के लिए तैयार हैं। शी जिनपिंग की उम्र 71 वर्ष हैं। गौर से देखने पर उनके बालों में चांदी जैसे सफेद रंग की कुछ लकीरों को देखा जा सकता है। क्या उन्होंने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक या विक्ट्री डे परेड के समय अपने बाल कायदे से नहीं रंगे? लगता तो यही है। आपको याद होगा कि विक्ट्री डे परेड से पहले एससीओ की तियानजिन शहर में हुई बैठक में शी जिनपिंग की भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक भी हुई थी। उसमें दोनों नेताओं के साथ उनके सहयोगी भी थे। उसमें शि जिनपिंग को छोड़कर बाकी सब नेताओं के बाल काले नजर आ रहे थे। हालांकि अधिकतर 60 की उम्र पार कर चुके हैं। चीन में गिरफ्तार या दंडित अधिकारियों को बाल डाई करने की अनुमति नहीं दी जाती। हालांकि यह भी सच है कि अधिकांश चीनियों के बाल प्राकृतिक रूप से काले ही रहते हैं। इस बीच, चीनी सेना में दाढ़ी रखने पर सख्त प्रतिबंध है, जो पीपल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के ग्रूमिंग स्टैंडर्ड्स का हिस्सा है। पीएलए के नियमों के अनुसार, सैनिकों को हमेशा साफ-सुथरा और एकसमान दिखना चाहिए। कई वैश्विक सेनाओं, जैसे अमेरिकी सेना या भारतीय सेना में भी ऐसे नियम एक स्तर तक ही हैं, लेकिन चीनी सेना में यह बेहद कठोर है। उदाहरण के लिए, पीएलए के नियमों में स्पष्ट है कि चेहरे पर बाल केवल मूंछ तक सीमित हो सकते हैं, और वह भी नियंत्रित लंबाई में। दाढ़ी को पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। पर परेड में कोई सैनिक या नेता मूंछों वाला भी नहीं दिखाई दिया। विक्ट्री डे परेड में सैनिकों की दाढ़ी न होना भी प्रतीकात्मक है। यह परेड कोई साधारण मार्च नहीं है; यह चीन की सैन्य शक्ति का वैश्विक प्रदर्शन है। हालांकि बालों को हर सूरत में काला करने की जिद्ध भारत में बसे चीनी मूल के लोगों में नहीं है। राजधानी के कनॉट प्लेस में एक शूज शो रूम के मालिक जॉर्ज च्यू कहते हैं कि हम चीन से भावनात्मक रूप से जुड़े हुए हैं। आखिर हमारे बुजुर्गों का संबंध चीन से है। पर अब हम भारतीय हो चुके हैं। हम बाल डाई नहीं करते। लब्बो लुआब ये है कि चीन में दाढ़ी और मूंछें न होना सैन्य अनुशासन, सुरक्षा और सांस्कृतिक एकता से जुड़ा है, जबकि बाल काले होना राजनीतिक प्रतीकवाद और युवा छवि का मामला है। विक्ट्री डे परेड जैसे आयोजन इन मूल्यों को मजबूत बनाते हैं। हालांकि, आधुनिक चीन में कुछ बदलाव आ रहे हैं, जैसे शी के कुछ सफेद बाल, लेकिन परंपरा बनी हुई है। समझना होगा कि सतह पर दिखने वाली सादगी के पीछे गहरे सांस्कृतिक और राजनीतिक कारण होते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



**सहकारिता**
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

# स्त्री सशक्तीकरण में सहकारिता भागीदार

> देश के विविध क्षेत्रों में सहकारिता ने ऐसा संबल प्रदान किया है कि इसके साथ मैत्री स्थापित कर नि:शक्त, बुजुर्ग, महिलाएं और कामकाजी वर्ग सभी ने अपने जीवन को तराशना शुरू कर दिया है। खासकर, महिलाएं आर्थिक समृद्धि पा रही हैं। भारत की महिलाएं जो न केवल अपने जीवन में उजाला लाने में सक्षम बन रही हैं अपितु अपने घर परिवार को अच्छे से सहेज रही हैं। सरकार की तरफ से किया जा रहा यह प्रोत्साहन उनके जीवन को स्वावलंबी बनाने का कार्य कर रहा है। एक बात सच यही है कि जब महिलाएं सशक्त होंगी तो भारत सशक्त बनेगा। इसलिए यह ज़रूरी है कि देश में सहकारिता को आगे बढ़ाया जाए और उसके केंद्र में महिलाएं हों।

सहकार से समृद्धि भारत में सहकारिता श्लोगन अब नहीं है। यह एक संगठित पहल बन गया है। विविध चुनौतियों के बीच आर्थिक सशक्तीकरण से ही कोई राष्ट्र अपने नागरिकों के सर्वाधिक कल्याण की बात सोच सकता है। देश के विविध क्षेत्रों में सहकारिता ने ऐसा संबल प्रदान किया है कि इसके साथ मैत्री स्थापित कर निःशक्त, बुजुर्ग, महिलाएं और कामकाजी वर्ग सभी ने अपने जीवन को तराशना शुरू कर दिया है। खासकर, महिलाएं आर्थिक समृद्धि पा रही हैं। भारत की महिलाएं जो न केवल अपने जीवन में उजाला लाने में सक्षम बन रही हैं अपितु अपने घर परिवार को अच्छे से सहेज रही हैं।

आधी आबादी के प्रश्न पर बात करने व उनके सभी अधिकारों की रक्षा करने की समय-समय पर उठती आवाजें यदि सहकारिता को अपने जीवन का हिस्सा बना लें तो उनको सशक्त होने से कोई रोक नहीं सकता। प्रायः देश में स्त्रियों के लिए जो स्त्रीवादी चिन्तक चिंता करते रहे हैं कि उन्हें पुरुषों के बराबर भागीदारी से वंचित किया जाता है और पितृसत्तात्मक समाज स्त्रियों के विकास में बाधा हैं। यह सहकारिता से जुड़ी महिलाओं ने अब यह सिद्ध कर दिया है कि पितृसत्तात्मक समाज जैसा विमर्श हमारे स्वावलंबी जीवन में न बढ़ा है और न ही इससे हम घबराते हैं। ये भारतीय महिलाएं सहकारिता से आत्मनिर्भर बनने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं और हर तरह से सशक्त बनकर ऐसी मिसाल बनाने के लिए तत्पर हैं जो महिलाओं के स्वत्व को प्रतिबिंबित करते हैं।

देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहाकारिता क्षेत्र से जुड़ी महिलाओं को लेकर अब इतना निश्चिन्त व आशान्वित हैं कि हमारे देश को चाहे कोई भी विकसित राष्ट्र बनने से रोके लेकिन सहकारिता से जुड़ी महिलाओं का उत्साह इस देश को सशक्त भारत बना देगा। गृह एवं सहकारिता मंत्री ने सच में इस मंत्रालय के माध्यम से पुरजोर प्रयास किया है और एक सक्षम समाज निर्माण करने की अपनी निष्ठा को मजबूती प्रदान की है। सहकारिता क्षेत्र में यह उनका अपना पुरुषार्थ अब बोल रहा है। सफलताओं की अनेक कहानियां कह रहा है। सशक्त एवं सक्षम महिलाएं जो कि सहकारिता के माध्यम से अपने जीवन में गुणात्मक सुधार लायी हैं, वह उनके सहकारिता संवाद में भी दिखा है। यह सनावद कार्यक्रम अब भारत में सराहना बटोर रहा है।

सहकारिता क्षेत्र में बुनियादी बातें जो महिला केंद्रित हैं, उसे भी जानना ज़रूरी है। इसके तहत यदि हम सर्वप्रथम बात करें बहु-राज्य सहकारी समितियों की तो इसके बोर्ड में महिलाओं के लिए आरक्षण की व्यवस्था अब दिखने लगी है। पहले जो बहु-राज्य सहकारी समिति अधिनियम-2002 था, उसमें संशोधन करके बहु-राज्य सहकारी समितियों के बोर्ड में महिला निदेशकों की अनिवार्यता की गई। इसका फायदा यह होने वाला है कि संपूर्ण भारत की 1,550 से ज़्यादा बहु-राज्य सहकारी समितियां हैं, उनके बोर्ड में महिलाओं का प्रतिनिधित्व हो जाएगा। दूसरा, आदर्श उपनियमों को अपनाकर प्राथमिक कृषि सहकारी ऋण समितियों में भी महिला सदस्यों के लिए आरक्षण किया गया है। सहकारिता मंत्रालय ने अब पैक्स के लिए आदर्श उपनियम तैयार कर लिया है। एक लाख से अधिक पैक्स में महिलाओं का प्रतिनिधित्व सीधे बनने जा रहा है। मंत्रालय ने तो अब अनुसूचित



जाति या अनुसूचित जनजाति की दो महिलाएओं की भागीदारी सनिश्चित करके एमएससीएस में नए प्रावधान कर दिए। इससे अब वह शिकायतें नहीं शेष रहेंगी जो मार्जिनलाइज्ड कम्युनिटी को लेकर हुआ करती थीं। सीईए की स्थापना के बाद तो देश की एमएससीएस के निदेशक मंडल आकस्मिक रिक्ति सहित के 146 चुनावों में 293 महिला निदेशक चुनी भी गईं। पीएसीएस राज्यों द्वारा अपने-अपने सहकारी अधिनियमों के अंतर्गत पंजीकृत सहकारी समितियां भी होती हैं। वे भी किस प्रकार महिलाओं के लिए सहकारिता मामले में सहयोगी हों, उस पर भी व्यापक चिंतन सरकार करती रही हैं और आने वाले समय में उनके लिए भी उसकी शिफरिशें आएंगी तो वहां भी सशक्तीकरण होगा।

सबसे अहम् बात उभरकर सामने आई है कि राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम जिसे एनसीडीसी कहते हैं, वह भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के तहत एक वैधानिक संगठन है। एनसीडीसी द्वारा स्वयं शक्ति सहकार योजना को लागू कर रहा है। इसमें नंदिनी सहकार योजनाएं पूरी तरह से वित्त पोषित और समर्थित हैं जिसका लाभ सहकारिता क्षेत्र से जुड़ी महिलाओं को मिलेगा। जब एनसीडीसी के 19 क्षेत्रीय कार्यालयों और 9 उप-कार्यालयों के माध्यम से योजनाओं के कार्यान्वयन होगा तो महिला सहकारी समितियों को समय पर ऋण लेनदेन प्रवाह सुनिश्चित होगा। वित्तीय सहयोग प्राप्त कर चुकी महिलाएं अपने लिए अच्छे भविष्य का निर्माण कर सकेंगी क्योंकि वित्तीय प्रवाह की कमी ही तो महिलाओं के जीवन प्रवाह को बाधित कर देते हैं। सहकारिता से उद्यमिता और उद्यमिता से आत्मनिर्भरता की आत्मगाथा अब महिलाएं बनने जा रही हैं।

एक विकास की यात्रा पर अग्रणी देश सर्वदा यही चाहता है कि उसके नागरिकों के बीच महिला नागरिक ज्यादा सशक्त हों और वे समग्रता से आगे बढ़ें। सबसे अच्छी बात यह है कि ये सहकारिता से जुड़ी महिलाएं डिजिटलीकरण को बढ़ावा दे रही हैं। अपने परिवार व बच्चों के लिए पढाई-लिखाई व जीवन-निर्वाह का माध्यम बन रही हैं। यह आगे बढ़ते हुए भारत की तस्वीर है। यह उस भारत की तस्वीर है जो अपने आज़ादी के बाद 75 वर्ष की यात्रा पूर्ण कर अपने अमृतकाल में गतिमान है। सच में, महिलाओं को अर्थव्यवस्था में भाग लेने के लिए सशक्त बनाने से उनके परिवारों के जीवन और समुदायों पर स्पष्ट प्रभाव पड़ता है और स्थायी आजीविका के साधन बनाने में मदद मिलती है, ऐसे कई अध्ययन हमें मिलते हैं।

स्त्री सशक्तीकरण के साथ समाज व देश सशक्तीकरण के लिए इतना उपयोगी माध्यम बन जाएगा, ऐसा अब से पहले इतने विश्वास के साथ लोग सोचते भी नहीं थे। अब महिलाओं की सहकारिता क्षेत्र में स्वयं की ओर से व्यक्त की गयी अभिरुचि और सरकार द्वारा किए जा रहे नए प्रयास व योजनाओं ने यह विश्वास जागृत कर दिया है कि हमारे देश के विकसित भारत बनने में यह भी एक उत्कृष्ट माध्यम है। बहुत से नए प्रयास गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह व उनकी टीम ने शुरू किया है, उसे और सुदृढ़ता से आगे बढ़ाना ज़रूरी है। भारत का एनडीडीबी, आनंद में सहकारिता के माध्यम से महिलाओं सशक्तीकरण हो रहा है। एनडीडीबी सहकारी प्रणाली में महिलाओं की भागीदारी में वृद्धि के लिए महिला डेरी सहकारिताओं को बढ़ावा देती है। दूध संघों को संपूर्ण महिला डेरी सहकारिताओं का गठन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। सरकार की तरफ से किया जा रहा यह प्रोत्साहन उनके जीवन को स्वावलंबी बनाने का कार्य कर रहा है। एक बात सच यही है कि जब महिलाएं सशक्त होंगी तो भारत सशक्त बनेगा इसलिए यह ज़रूरी है कि यदि देश में सहकारिता को आगे बढ़ाया जाए और उसके केंद्र में महिलाएं हों।

(लेखक केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# साधना से ही मिलता है वास्तविक सुख



संकलित
**दर्शन**

अधिकांश व्यक्ति आज भौतिक मूल्यों के उपासक बन गए हैं। इस कारण जीवन के धर्म एवं मर्म को भुला बैठे हैं। उनकी इस उपासना ने दुनिया के बाह्य जगत को बड़ा सुहावना, लुभावना और आकर्षक बना दिया है। जबकि वास्तविक सुख आंतरिक सौंदर्य, अंतर्जगत की जागृति एवं अंतर्यात्रा से ही संभव है। भौतिक आकर्षण के पीछे मनुष्य दौड़ रहा है। यदि वह क्षण भर रुककर गंभीरता से सोचे तो उसे पता चलेगा कि यह सब भ्रम जाल है। जीवन वह नहीं, जिसे वह जी रहा है। संत एकनाथ ने कहा है कि धन जोड़कर भक्ति का दिखावा करने से कोई लाभ नहीं, क्योंकि ऐसा करने से मन में वासना और भी बढ़ जाएगी और जिनका चित्त वासना में फंसा हुआ है, उन्हें अंतरात्मा के दर्शन कैसे हो सकते हैं। वास्तविक सुख पाने के लिए व्यक्ति भक्ति यानी साधना की ओर प्रवृत्त होता है। स्थायी सुख की प्राप्ति भक्ति पर ही निर्भर है। भक्ति से मन को वश में करना है और मन को वश में करने का सरल उपाय है उसे परमात्मा के हेतु निरंतर भले कार्यों में लगाए रखना। महात्मा गांधी ने प्रेमा बहन के नाम लिखे पत्र में लिखा है-जो लोग कृष्ण-कृष्ण कहते हैं वे उसके पुजारी नहीं हैं। जो उनका काम करते हैं, वे ही पुजारी हैं। रोटी-रोटी कहने से पेट नहीं भरता, अपितु रोटी खाने से ही भरता है। मन को वश में लाने का अभ्यास अनेक प्रकार का होता है। इन अभ्यासों को ही भक्ति यानी साधना कहा गया है। जिस व्यक्ति ने स्वयं को शांति-अशांति, मान-अपमान और सुख-दुख से निर्लिप्त बना लिया है, वही निर्विघ्न शांति में स्थित रह सकता है।


# सफलता के लिए योजना बनाकर काम करे



संकलित
**प्रेरणा**

जब भगवान विष्णु श्रीकृष्ण रूप में अवतार लेने वाले थे। देवकी और वसुदेव कंस की कैद में थे। कंस ने देवकी-वसुदेव की 6 संतानों का वध कर दिया था। सातवीं संतान के रूप में बलराम देवकी के गर्भ में आए तो भगवान विष्णु ने योगमाया से कहा था कि आप इस सातवीं संतान को देवकी के गर्भ से निकाल कर वसुदेव जी की दूसरी पत्नी रोहिणी के गर्भ में स्थापित कर दो। इसके बाद कंस को ये सूचना दी जाएगी कि सातवां गर्भ गिर गया है। योगमाया ने ऐसा ही किया। इसके बाद जब आठवीं संतान के जन्म का समय आया तो भगवान ने योगमाया से कहा कि अब मेरे अवतार लेने का समय आ गया है। जब मेरे अवतार का जन्म होगा, ठीक उसी समय आप गोकुल में यशोदा के गर्भ से जन्म लेना। वसुदेव जी कंस के कारागर से निकालकर मुझे गोकुल पहुंचाएंगे और आपको लेकर कंस के कारागार में आ जाएंगे। जब कंस आठवीं संतान को मारने के लिए आएगा तब आप मुक्त हो जाना। भगवान ने जो योजना बनाई थी, उसी के अनुसार श्रीकृष्ण का अवतार हो गया। इस कथा में भगवान ने संदेश दिया है कि जब भी कोई काम करना हो तो उसकी योजना जरूर बनाएं। योजना अच्छी होगी तो सफलता जरूर मिलेगी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### त्रासदी का गहरा असर

जब बाढ़ का पानी उतर जाएगा तो कैमरे और प्रशासन वहां से लौट आएंगे, लेकिन प्रभावित लोगों की पीड़ा बरसों तक बनी रहेगी। गिरे हुए मकान, डूबे खेत, कर्ज में दबे किसान और पढ़ाई से वंचित बच्चे हमें लगातार याद दिलाएंगे कि यह महज मौसम की सामान्य घटना नहीं, बल्कि एक चेतावनी है। जलवायु परिवर्तन अब भविष्य की चिंता नहीं, बल्कि वर्तमान की कठोर सच्चाई है। सवाल यह है कि क्या हम इसे गंभीरता से लेकर रोकथाम की राह पकड़ेंगे या हर साल राहत और मुआवजे की रस्म अदायगी दोहराते रहेंगे। क्यों बदल रहा है मानसून का पैटर्न? दरअसल, मानसून अब पहले जैसा नहीं रहा। कहीं बेहद कम बारिश होती है, तो कहीं अचानक बादल फट जाते हैं। ऐसे में प्रकृति का संरक्षण अनिवार्य हो जाता है।

*– लखन वर्मा, पलारी*

## ट्रेंड

### ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम



आज लखनऊ, तिरुवनंतपुरम, त्रिची, कालीकट और अमृतसर हवाई अड्डों पर फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन: ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम का उद्घाटन किया गया। इस नई सुविधा से लंबी कतारें, मैन्युअल चेक-इन और देरी की समस्या खत्म हो जाएगी।
**- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### समुद्री खाद्य निर्यात




102 नई भारतीय मत्स्य इकाइयाँ अब यूरोपीय संघ के सदस्य देशों को निर्यात कर सकेंगी। इस विकास से तटीय राज्यों में हमारे मछुआरों को बाज़ारों का विस्तार करने, बेहतर मुनाफा कमाने, रोज़गार बढ़ाने और हमारे समुद्री खाद्य निर्यात को और बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।
**- पीयूष गोयल, केंद्रीय वाणिज्य मंत्री**

### पुण्यतिथि पर नमन



हिंदी साहित्य की अमिट स्तंभ, 'पद्म विभूषण' महादेवी वर्मा की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। उनकी लेखनी ने नारी सशक्तिकरण को शब्द दिए, स्त्री चेतना को स्वर दिया और मानवीय संवेदनाओं को नई ऊँचाइयाँ दीं।
**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### 'नैतिक विजय'



अपनी हर एक हार में नैतिक विजय खोजने में महारत हासिल कर चुकी है कांग्रेस। उपराष्ट्रपति चुनाव में अपनी हार को कांग्रेस के जयराम रमेश ने एक बार फिर 'नैतिक विजय' करार दिया है।
**- केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# चीन में कैलाश तीर्थयात्रियों को सावधानी बरतने की सलाह



बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने नेपाल के रास्ते निजी ऑपरेटर के माध्यम से तिब्बत में कैलाश पर्वत की यात्रा करने वाले भारतीय तीर्थयात्रियों से काठमांडू में मौजूदा स्थिति के कारण सावधानी बरतने का आग्रह किया है। भारतीय दूतावास द्वारा बुधवार को जारी एक परामर्श में कहा गया कि नेपाल में मौजूदा स्थिति के कारण वहां से निजी टूर ऑपरेटर द्वारा आयोजित कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जाने वाले भारतीय नागरिकों की योजनाबद्ध यात्रा व्यवस्था प्रभावित हुई है। परामर्श में कहा गया, वर्तमान घटनाक्रम को देखते हुए तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र, चीन में मौजूद भारतीय नागरिकों को सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। परामर्श में कहा गया, बेहद ऊंचाई और दुर्गम भूभाग को देखते हुए, उन्हें अपने स्वास्थ्य और कल्याण के लिए आवश्यक देखभाल और सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। उन्हें स्थानीय अधिकारियों के साथ-साथ बीजिंग और काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास की सलाह का पालन करने की भी सलाह दी जाती है। बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने किसी सहायता की आवश्यकता होने पर हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं।

## ऑफ बीट

# नासा के मंगल रोवर से प्राचीन जीवन के मिले मजबूत संकेत



अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के मंगल ग्रह पर भेजे गए रोवर 'पर्सिवरेंस' ने एक सूखी नदी की धारा में चट्टानें खोज निकाली हैं जिनमें प्राचीन सूक्ष्म जीवन के संभावित संकेत हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले 'पर्सिवरेंस'' द्वारा वहां एकत्र किए गए नमूनों का पृथ्वी की प्रयोगशालाओं में गहन विश्लेषण जरूरी है। वर्ष 2021 से मंगल ग्रह पर घूम रहा यह रोवर सीधे तौर पर जीवन का पता नहीं लगा सकता। इसके बजाय, यह चट्टानों और नलियों में छेद करने के लिए एक ड्रिल लेकर चलता है ताकि अरबों साल पहले जीवन के लिए सबसे उपयुक्त माने गए स्थानों से एकत्र किए गए नमूनों को रखा जा सके। नमूनों को पृथ्वी पर वापस लाने की प्रतीक्षा है। यह एक महत्वाकांक्षी योजना है, जो नासा द्वारा सस्ते, त्वरित विकल्पों की तलाश के कारण रोक दी गई है। दो वैज्ञानिकों एसईटीआई संस्थान के जेनिस बिशप और मैसाचुसेट्स एमहर्स्ट विश्वविद्यालय के मारियो पेरेंटे ने इसे एक 'रोमांचक खोज' बताते हुए कहा कि इसके लिए गैर-जैविक प्रक्रियाएं जिम्मेदार हो सकती हैं। स्टोनी ब्रुक विश्वविद्यालय के प्रमुख शोधकर्ता जोएल ह्यूरोविट्ज़ ने कहा, 'यही कारण है कि हम यह नहीं कह सकते कि यह जीवन का सकारात्मक प्रमाण है।'

# मिजोरम से पहली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन की कल से होगी शुरुआत, पीएम दिखाएंगे हरी झंडी

कल भारतीय रेलवे रचेगा नया इतिहास

यह ट्रेन सैरांग स्टेशन (आइजोल) को दिल्ली के आनंद विहार टर्मिनल से जोड़ेगी

***यह ट्रेन सैरांग स्टेशन (आइज़ोल) से 2,510 किलोमीटर की दूरी 43 घंटे 25 मिनट में तय कर दिल्ली के आनंद विहार टर्मिनल रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। फिलहाल यह एक नियमित साप्ताहिक ट्रेन होगी***

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार 13 सितंबर को मिजोरम से दिल्ली के लिए पहली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे।

यह ट्रेन सैरांग स्टेशन (आइजोल) को दिल्ली के आनंद विहार टर्मिनल से जोड़ेगी। इसकी नियमित साप्ताहिक सेवा 19 सितंबर से शुरू होगी। यह जानकारी पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे की ओर से शेयर की गई है। यह राजधानी एक्सप्रेस मिजोरम और देश की राजधानी के बीच पहली सीधी रेल सेवा होगी। ट्रेन 2,510 किलोमीटर की दूरी 43 घंटे 25 मिनट में तय करेगी, जिसकी औसत रफ्तार 57.81 किमी/घंटा होगी। राजधानी एक्सप्रेस के अलावा प्रधानमंत्री मोदी दो और ट्रेनों को भी रवाना करेंगे। यह ट्रेन हैं- सैरांग-गुवाहाटी डेली एक्सप्रेस और सैरांग-कोलकाता त्रि-साप्ताहिक ट्रेन।






### यह रहेगा शेड्यूल

13 सितंबर को उद्घाटन के दिन ट्रेन का शेड्यूल नियमित सेवा से अलग रहेगा। 20 कोचों वाली यह ट्रेन सुबह 10 बजे सैरांग स्टेशन से रवाना होगी और सोमवार सुबह 7:30 बजे आनंद विहार स्टेशन पहुंचेगी। नियमित तौर पर ट्रेन संख्या 20597 के तहत यह राजधानी एक्सप्रेस 19 सितंबर को शाम 4:30 बजे सैरांग से रवाना होगी और 21 सितंबर को सुबह 10:50 बजे दिल्ली पहुंचेगी। वापसी में, ट्रेन संख्या 20598 के रूप में यह 21 सितंबर को रात 7:50 बजे आनंद विहार से प्रस्थान करेगी और 23 सितंबर (मंगलवार) दोपहर 3:15 बजे सैरांग पहुंचेगी।

### कठिन चुनौतियों को पार कर हुआ प्रोजेक्ट पूरा

रेलवे अधिकारियों के मुताबिक बैराबी से सैरांग के बीच की नई लाइन अब तक विद्युतीकृत नहीं हुई है, इसलिए इस हिस्से में डीजल इंजन का इस्तेमाल होगा। गुवाहाटी से दिल्ली तक का सफर इलेक्ट्रिक इंजन द्वारा तय किया जाएगा। रेल अधिकारियों ने बताया कि इस प्रोजेक्ट ने कठिन भौगोलिक परिस्थितियों, सीमित कार्य अवधि और बार-बार आने वाले भूस्खलनों जैसी चुनौतियों को पार कर पूरा किया है।

## खबर संक्षेप

### लालू,तेजस्वी के खिलाफ चार्ज पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** नौकरी के बदले जमीन घोटाले मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और अन्य के खिलाफ नौकरी के बदले जमीन मामले में आरोप पत्र पर फैसला सुरक्षित रखा गया है। सीबीआई ने राबड़ी देवी, तेजस्वी, अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है।



### बस के पेड़ से टकराने से 15 यात्री घायल

**पटियाला।** पंजाब के पटियाला जिले में एक बस के पेड़ से टकरा जाने के कारण उसमें सवार लगभग 15 यात्री घायल हो गए। यह हादसा नाभा प्रखंड के फरीदपुर गांव के पास तब हुआ जब राज्य परिवहन की एक बस मल्लेवाल से पटियाला की ओर जा रही थी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।



### रामदास ने बेटे को पार्टी से निकाला

**चेन्नई।** तमिलनाडु की राजनीति में गुरुवार को उस समय बड़ा घटनाक्रम हुआ, जब पीएमके के संस्थापक एस. रामदास ने गुरुवार को अपने बेटे अंबुमणि रामदास को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया। उन्होंने अंबुमणि पर अभूतपूर्व पार्टी विरोधी गतिविधियों का आरोप लगाया और उन्हें 'खरपतवार' कहा।



### अरुणाचल,कर्नाटक में मूसलाधार बारिश होगी

**नई दिल्ली।** देशभर भारी बारिश की संभावनाओं के चलते भारतीय मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। विभाग ने अरुणाचल प्रदेश और कर्नाटक के कई हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।15 सितंबर तक बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है।कई जिलों में येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।



### पति-पत्नी और दो बच्चों की हत्या कर बाड़ी में दफनाया

**रायगढ़।** खरसिया स्थित ठुसेकेला पंचायत के राजीवनगर गांव में पति-पत्नी सहित उनके दो बच्चों की टांगी मारकर हत्या करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने उनकी हत्या कर उनका शव बाड़ी में दफना दिया। सूचना पर पुलिस ने शवों को खोदकर निकाला। पूरी वारदात खरसिया थाने से महज 500 मीटर की दूरी पर हुई है।



## शाह ने हवाई सफर को और आसान बनाने की शुरुआत की

# अब 12 हवाई अड्डों पर मिलेगी फास्ट ट्रैक इमीग्रेशन सुविधा

केंद्र सरकार ने यात्रियों के लिए हवाई सफर को और आसान बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया



ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया कार्डधारकों को इमीग्रेशन प्रक्रिया में लंबी कतारों से छुटकारा मिलेगा



**अब तक 3 लाख लोग योजना से**

गृहमंत्री शाह ने वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान कहा कि फास्ट ट्रैक इमीग्रेशन से यात्रियों को तेजी, सुरक्षा और बिना परेशानी के अंतरराष्ट्रीय सफर का अनुभव मिलेगा। अभी तक तीन लाख लोगों ने इस योजना के लिए पंजीकरण कराया है, जिनमें से करीब 2.65 लाख यात्रियों ने इस सुविधा का लाभ भी उठाया है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने यात्रियों के लिए हवाई सफर को और आसान बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 'फास्ट ट्रैक इमीग्रेशन- ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम' को देश के 5 और हवाई अड्डों पर शुरू किया। इसके तहत भारतीयों और ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) कार्डधारकों को इमीग्रेशन प्रक्रिया में लंबी कतारों से छुटकारा मिलेगा और वे ई-गेट से जल्दी क्लियरेंस पा सकेंगे।

यह योजना सबसे पहले जुलाई 2024 में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से शुरू हुई थी। 2 महीने में मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलूरू, हैदराबाद, कोचीन, अहमदाबाद में लागू किया।
अब इस सुविधा को लखनऊ, तिरुवनंतपुरम, तिरुचिरापल्ली, कोझिकोड और अमृतसर एयरपोर्ट पर भी लागू कर दिया गया है।

### अमेरिका की तर्ज पर बनी यह योजना

यह योजना अमेरिका के ग्लोबल एंट्री प्रोग्राम की तर्ज पर बनाई गई है। वहां देश में प्रवेश के समय तेजी से क्लियरेंस मिलती है। अब इस व्यवस्था के जरिए यात्रियों को ई-गेट से गुजरने पर तुरंत इमीग्रेशन क्लियरेंस मिल जाएगा।

### ऑनलाइन मिलेगी सेवा

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इस संबंध में बताया कि योजना के तहत यात्री ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए सरकार ने कई प्रतिबंध भी लागू किए हैं। आवेदन करने वाले नागरिक की उन्हें पासपोर्ट की न्यूनतम वैधता छह महीने होनी चाहिए। आवेदन स्वीकृत होने के बाद यात्री को बायोमेट्रिक विवरण (फिंगरप्रिंट और चेहरे की तस्वीर) देने के लिए अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे या नजदीकी विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) जाना होगा। सफल सत्यापन के बाद यात्री को व्हाइट लिस्ट ऑफ ट्रस्टेड ट्रैवलर्स में शामिल किया जाएगा। इसके बाद आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### देश का पहला हवाई अड्डा बना लखनऊ

फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन सेवा की शुरुआत से लखनऊ एयरपोर्ट ने एक बड़ा मील का पत्थर हासिल किया है। इस सुविधा को टर्मिनल-3 पर यात्रियों के लिए खोला गया है। अब तक यात्रियों को इमिग्रेशन प्रक्रिया में लंबा समय लग जाता था, जिससे भीड़ और असुविधा की स्थिति बनती थी. लेकिन अब यह प्रक्रिया सुगम और तेज हो जाएगी।

### 21 एयरपोर्ट तक विस्तार की योजना तैयार

केंद्र सरकार की योजना है कि इस प्रोग्राम को चरणबद्ध तरीके से देश के 21 बड़े हवाई अड्डों तक पहुंचाया जाए। पहले चरण में भारतीय नागरिकों और ओसीआई कार्डधारकों को सुविधा दी जा रही है। दूसरे चरण में इसे विदेशी यात्रियों तक बढ़ाया जाएगा। इस कार्यक्रम को लागू करने की जिम्मेदारी ब्यूरो ऑफ इमीग्रेशन (बीओआई) के पास होगी। शुरुआती चरण में यह योजना बिल्कुल मुफ्त है। यात्रियों को किसी अतिरिक्त शुल्क का भुगतान नहीं करना होगा। गृहमंत्रालय ने यात्रियों के लिए एक हेल्पडेस्क ईमेल आईडी भी जारी की है, ताकि उन्हें आवेदन या प्रक्रिया में किसी तरह की दिक्कत हो तो मदद मिल सके।

## उत्तरप्रदेश कांग्रेस प्रमुख राय नजरबंद

# पीएम मोदी के दौरे के मद्देनजर लखनऊ पुलिस ने की कार्रवाई



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वाराणसी दौरे से पहले यूपी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया है। पुलिस ने लखनऊ के आलमबाग स्थित उनके आवास पर एहतियातन निगरानी बढ़ा दी है। बताया जा रहा है कि अजय राय ने पहले ही प्रधानमंत्री के दौरे के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने का ऐलान किया था.पीजीआई पुलिस टीम बुधवार सुबह से ही अजय राय के आवास के बाहर तैनात है। अधिकारियों ने कहा कि यह कदम कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए उठाया गया है। अजय राय लंबे समय से वाराणसी में सक्रिय हैं और प्रधानमंत्री के खिलाफ चुनाव भी लड़ चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचे। इस दौरान उनके साथ मॉरिशस के प्रधानमंत्री भी मौजूद रहेंगे। दोनों नेता द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। वाराणसी में कई विकास परियोजनाओं का भी शिलान्यास और लोकार्पण किया।

### कांग्रेस ने हाउस अरेस्ट का किया विरोध

इसको लेकर कांग्रेस नेताओं का कहना है कि अजय राय का हाउस अरेस्ट लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। उनका आरोप है कि सरकार विरोध की आवाज को दबाना चाहती है। वहीं, पुलिस प्रशासन का कहना है कि यह सिर्फ एहतियातन कदम है ताकि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। फिलहाल अजय राय अपने आवास पर ही हैं और उनके बाहर समर्थकों की आवाजाही पर भी निगरानी रखी जा रही है। वाराणसी में प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

### दिनेश प्रताप के एक्शन का रिएक्शन

भाजपा नेता और योगी सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह बुधवार को अपने समर्थकों के साथ रायबरेली में हाईवे पर धरने पर बैठ गए थे और 'राहुल गांधी वापस जाओ' और 'माफी मांगो' के नारे लगा रहे थे। इसके चलते 15 मिनट तक राहुल का काफिला हाईवे पर रुका रहा। इस दौरान पुलिस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच जमकर नोकझोंक हुई।

## नितिन गडकरी का स्पष्ट संदेश

# ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री हमारी पहचान सड़क सुरक्षा हो पहली प्राथमिकता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स के 65वें सालाना सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने साफ कहा कि ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री सिर्फ गाड़ियां बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मेक इन इंडिया की पहचान है और विकसित भारत का अहम स्तंभ है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री गडकरी ने हकीकत का आईना दिखाया। उन्होंने कहा कि भविष्य की राह सिर्फ सपनों और टारगेट से नहीं बनेगी, बल्कि चुनौतियों का सामना करना भी उतना ही जरूरी है।



### सरकार ने कई जरूरी कदम उठाए

गडकरी ने कहा कि भारत में हर साल करीब पांच लाख लोग सड़क हादसों में जान गंवाते हैं। यानी हर मिनट कहीं न कहीं एक परिवार बिखर जाता है। गडकरी ने साफ कहा कि जब तक सड़क सुरक्षा को पहली प्राथमिकता नहीं बनाया जाएगा, तब तक किसी भी सुधार का मतलब अधूरा रहेगा। सरकार ने कदम जरूर उठाए हैं।

## रायबरेली में फिर बोले राहुल गांधी

# अब हाइड्रोजन बम आएगा और सारा का सारा साफ हो जाएगा

एजेंसी ▶▶ रायबरेली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली में हैं। गुरुवार को दिशा की बैठक में शामिल होने के बाद जब वो बाहर निकले तो मीडिया को बयान दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग बहुत आंदोलित हो रहे हैं। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि जब हाइड्रोजन बम आएगा तो सब साफ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि देश में वोट चोरी करके सरकारें बनाई जा रही हैं।



### महाराष्ट्र, हरियाणा और कर्नाटक के चुनाव में की वोट चोरी

उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र, हरियाणा और कर्नाटक के चुनाव में वोट चोरी हुई है। हमने ब्लैक एंड व्हाइट सबूत दिए हैं। इंतजार कीजिए बहुत जल्द वोट चोरी के और खुलासे आने वाले हैं। भाजपा वाले परेशान न हों, वोट चोरी का हाइड्रोजन बम आने वाला है। सारा सब कुछ साफ हो जाएगा।

# केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान सतना में बोले यूरिया की आपूर्ति में नहीं आएगी कमी

***फर्टिलाइज़र मिनिस्ट्री अलग है, लेकिन मिनिस्ट्री राज्य की डिमांड के आधार पर निरंतर फर्टिलाइज़र की आपूर्ति में लगी हुई है***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को सतना, मध्य प्रदेश का दौरा कर एक्सिलेंस कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित किया।

इसके बाद चैहान ने सतना में खाद व यूरिया की पर्याप्त आपूर्ति को लेकर बातचीत की और कहा कि किसानों के हित सर्वोपरि हैं, केंद्र की तरफ से पूरी कोशिश की जा रही है कि किसानों तक खाद और यूरिया पर्याप्त मात्रा में पहुंचे। चौहान ने कहा कि खाद की समस्या के बारे में कुछ मित्रों ने ज्ञापन दिए हैं। हमारे लिए किसानों के हित सर्वोपरि हैं। फर्टिलाइज़र मिनिस्ट्री तत्परता से कार्य कर रही है। फर्टिलाइज़र मिनिस्ट्री राज्य की डिमांड के आधार पर निरंतर फर्टिलाइज़र की आपूर्ति कर रही है। यहां पिछले साल इस समय तक यूरिया की 23,585 मीट्रिक टन खपत हुई थी, इस बार 27 हज़ार 700 मीट्रिक टन अभी यूरिया आ चुका है। उन्होंने कहा जैसे ही संज्ञान में बात आई, मैंने प्रशासन और राज्य सरकार से चर्चा की। लेकिन इस बार बारिश अच्छी हुई है, बोवनी का इलाका जिसमें धान सम्मिलित है। यूरिया की मांग ज्यादा है। केंद्रीय कृषि मंत्री ने बताया कि आज भी सतना में 1500 मीट्रिक टन खाद की आपूर्ति की गई है। आगे भी निरंतर आपूर्ति के प्रयास जारी रखे जाएंगे। ज़रूरत पड़ेगी तो फिर फर्टिलाइज़र मिनिस्ट्री के साथ भी बात करेंगे तथा राज्य सरकार के साथ चर्चा करके व्यवस्था और कैसे बेहतर बने और ज़रूरत कैसे पूरी हो, उस दिशा में कदम उठाए जाते रहेंगे।

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने मलेरिया-डेंगू की समीक्षा की

# सभी राज्य 20 दिन में बनाएं इसके नियंत्रण की कार्य योजना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हाल में हुई भारी के कारण जगह-जगह पानी जमा हो गया है, जिससे मच्छरों को पनपने का मौका मिल गया है। इसे देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने सभी मुख्यमंत्रियों को एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी में कहा गया है कि सभी मुख्यमंत्री डेंगू और मलेरिया पर प्रभावी नियंत्रण के लिए बीस दिन के भीतर एक कार्ययोजना तैयार करें। नड्डा ने बुधवार को देश में डेंगू और मलेरिया की स्थिति की समीक्षा के लिए एक बैठक की। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि नड्डा ने राज्यों, स्थानीय निकायों और समुदायों से कहा कि वे इस उच्च जोखिम वाले समय में जनस्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए रोकथाम और नियंत्रण के उपायों को और तेज करें।

### उच्च जोखिम वाले समय में जनस्वास्थ्य की सुरक्षा के कड़े प्रबंध करें

मंत्री नड्डा ने सभी मुख्यमंत्रियों को एडवाइजरी जारी की

#### अस्पतालों में मौजूद हों पर्याप्त दवाएं और सुविधाएं



सभी अस्पतालों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि पर्याप्त दवाएं, जांच की सुविधाएं, बिस्तर और मच्छर-मुक्त परिसर मौजूद हों। इनमें केंद्र सरकार के अंतर्गत आने वाले अस्पताल भी शामिल हैं। मंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र के लिए विशेष उच्च स्तरीय बैठक की जाए, ताकि डेंगू की स्थिति का बारीकी से आकलन किया जा सके और पहले से ही तैयारी सुनिश्चित की जा सके।

**9 वर्षों में मलेरिया के मामलों में आई जबरदस्त गिरावट**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने यह भी कहा कि भारत ने मलेरिया से लड़ाई में महत्वपूर्ण प्रगति हासिल की है। बयान के मुताबिक, देश ने मलेरिया के मामलों में 2015 से 2024 के बीच 78 फीसदी की गिरावट दर्ज की है और मलेरिया से होने वाली मौतों में भी लगभग 78 फीसदी कमी आई है।

### बीमारियों को रोकने मिलकर कार्य करें

नड्डा ने कहा कि मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों को रोकने के लिए जल्दी और मिलकर काम करना बहुत जरूरी है। उन्होंने राज्य के स्वास्थ्य मंत्रियों को सलाह दी कि वे खुद स्थिति की समीक्षा करें और 20 दिनों के भीतर कार्य योजना बनाएं, जबकि नगर निगमों, पंचायतों और स्थानीय निकायों से कहा गया कि वे जनजागरूकता अभियान तेज करें।

## ऐश्वर्या की अर्जी पर बोला हाईकोर्ट

# बिना सहमति के उनके नाम और फोटो का न किया जाए इस्तेमाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली हाई कोर्ट से अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन को बड़ी राहत मिली। कोर्ट ने उनके नाम और फोटो के गलत इस्तेमाल के मामले में उनके पक्ष में फैसला सुनाया है। गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि उनके नाम का अनधिकृत उपयोग अभिनेत्री की निजता और गरिमा के अधिकार का उल्लंघन है। अभिनेत्री की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस तेजस करिया ने कई संस्थाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सहित अन्य तकनीकी उपकरणों के माध्यम से अभिनेत्री के नाम और फोटो का दुरुपयोग करने से रोक दिया। कोर्ट ने कहा कि इस तरह के दुरुपयोग से न केवल अभिनेत्री को आर्थिक नुकसान होता है, बल्कि उनकी गरिमा, प्रतिष्ठा और साख को भी ठेस पहुंचती है। कोर्ट ने कहा कि उनकी पहचान का अनधिकृत उपयोग लोगों को गुमराह कर सकता है कि वह उत्पादों और सेवाओं का समर्थन या प्रचार करती है।

# गोल्फ महोत्सव में जुटेंगे देशभर के दिग्गज खिलाड़ी, पहली बार ग्रामीण बच्चे दिखाएंगे खेल का हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महानगरों की तर्ज पर अब राजधानी में गोल्फ के प्रति लोगों की रुचि बढ़ रही है। इसी क्रम में गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से इस साल होटल मेफेयर स्थित गोल्फ कोर्स में गोल्फ महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। आयोजन 17 सितंबर से शुरू होकर 12 जनवरी तक चलेगा। इस दौरान प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश-विदेश से आए गोल्फ खिलाड़ी अपने खेल का कौशल दिखाएंगे।

महोत्सव में 100 इवेंट्स आयोजित किए जाएंगे, जिन्हें राजधानी में गोल्फ के क्षेत्र में नए अध्याय की शुरुआत माना जा रहा है। खास बात यह है कि पहली बार छत्तीसगढ़ के गांवों के बच्चे भी गोल्फ कोर्स पर उतरकर अपना हुनर आजमाएंगे। ग्रामीण बच्चों को गोल्फ से जोड़ने की यह पहल फेडरेशन की ओर से एक अनोखा प्रयास है।

## 17 सितंबर से शुरू होगा महोत्सव, 12 जनवरी को होगा समापन

### गोल्फ के हर शॉट में दिखेगा रोमांच

गोल्फ महोत्सव में दिग्गज खिलाड़ियों के हर शॉट का रोमांच दर्शकों को रोमांचित करेगा। पिछले वर्ष की तरह इस बार भी गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजन किया जा रहा है, जिसमें खिलाड़ियों के साथ-साथ गोल्फ प्रेमियों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजन में विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों के बीच प्रतिस्पर्धा होगी और छत्तीसगढ़ को भी गोल्फ में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। दर्शक न केवल खेल का नजदीक से आनंद उठा सकेंगे बल्कि गोल्फ के नियमों और तकनीकों को भी समझने का मौका पाएंगे।

- महोत्सव में वृक्षारोपण के साथ,रक्तदान शिविर और शहीद परिवारों का होगा सम्मान
- सेना के जवान, भूतपूर्व सैनिक कार्यक्रम में होंगे शामिल, युवाओं को देंगे मार्गदर्शन



### खेल और सेहत से जुड़े होंगे कार्यक्रम

गोल्फ महोत्सव केवल खेल तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सेहत और सामाजिक सरोकारों से भी जुड़ा होगा। महोत्सव की शुरुआत 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से होगी और समापन 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती पर किया जाएगा। गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयोजक आर्यवीर ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान 5 हजार पेड़ लगाए जाएंगे, रक्तदान शिविर आयोजित होगा और शहीद परिवारों का सम्मान भी किया जाएगा। इस अवसर पर सेना के जवान, भूतपूर्व सैनिक और भारतीय सेना के सेवानिवृत्त चीफ जनरल मनोज पांडेय विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

### युवाओं को नशे के खिलाफ दिया जाएगा संदेश

गोल्फ महोत्सव के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया जाएगा। इस दौरान विशेषज्ञ युवाओं को सेहत बेहतर रखने के उपायों पर मार्गदर्शन देंगे और उन्हें गोल्फ जैसे सकारात्मक खेलों से जोड़ने की पहल भी होगी। महोत्सव में युवा पूर्व सैनिकों और भारतीय कैडर सेवा जवानों से सीधे संवाद कर सकेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल खेल को बढ़ावा देना ही नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी और सम्मान का संदेश भी देना है।

## खबर संक्षेप



### चीन और उज्बेकिस्तान से खेलेगा ईस्ट बंगाल

**नई दिल्ली।** ईस्ट बंगाल एफसी को 17 नवंबर से शुरू होने वाले एएफसी महिला चैंपियंस लीग के ग्रुप चरण के लिए चीन के वुहान जियांगडा डब्ल्यूएफसी, ईरान के बाम खातून एफसी और उज्बेकिस्तान के पीएफसी नसाफ के साथ ग्रुप बी में शामिल किया गया। ड्रॉ कुआलालंपुर के एएफसी हाउस में हुआ। इंडियन वुमेंस लीग 2024-25 की चैंपियन ईस्ट बंगाल ने पहली बार महाद्वीपीय प्रतियोगिता में खेलते हुए शुरुआती चरण के ग्रुप ई में शीर्ष स्थान हासिल करके ग्रुप चरण के लिए क्वालीफाई किया। ईस्ट बंगाल ने हांगकांग के किची एससी और कंबोडिया के नोम पेन्ह क्राउन एफसी को पछाड़ा। एएफसी महिला चैंपियन्स लीग के दूसरे सत्र के लिए बारह टीमों को तीन समूहों में विभाजित किया गया था और वे केंद्रीकृत लीग प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करेंगी।

### आस्ट्रेलिया को झटका चोट के कारण हार्डी बाहर

**मेलबर्न।** आलराउंडर आरोन हार्डी कंधे की चोट के कारण आस्ट्रेलिया ए के भारत दौरे से बाहर हो गए हैं। विक्टोरिया के ऑलराउंडर विल सदरलैंड ऑस्ट्रेलिया की टीम में हार्डी की जगह लेंगे और लखनऊ में होने वाले दो चार दिवसीय मैचों में से दूसरे मैच के लिए टीम में शामिल होंगे। सदरलैंड पहले से ही दौरे के लिए वनडे टीम का हिस्सा थे और अब लखनऊ में होने वाले दूसरे चार दिवसीय मैच में भी खेलेंगे।



वनडे टीम में हार्डी की जगह किसी और खिलाड़ी की घोषणा बाद में की जाएगी। हार्डी चोटिल होने के कारण भारतीय दौरे से बाहर होने वाले चौथे खिलाड़ी हैं। इससे पहले लांस मॉरिस, ब्रॉडी काउच और क्वींसलैंड के तेज गेंदबाज कैलम विडलर विभिन्न चोटों के कारण इस दौरे से बाहर हो गए थे। इस दौरे के दौरान ऑस्ट्रेलिया ए टीम दो अनौपचारिक टेस्ट और तीन अनौपचारिक एकदिवसीय मैच खेलेगी।

### बीडब्ल्यूएफ ने दी टाइम क्लॉक प्रणाली को मंजूरी




**नई दिल्ली।** विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने बैडमिंटन मैचों में अधिक तेजी लाने के लिए 2026 से शुरू होने वाले चुनिंदा विश्व टूर टूर्नामेंटों में टाइम क्लॉक प्रणाली के परीक्षण को मंजूरी दे दी है, जिसके तहत खिलाड़ियों को एक रैली पूरी होने के बाद 25 सेकंड के अंदर अगली रैली के लिए तैयार होना होगा। बीडब्ल्यूएफ ने 29 अगस्त को अपनी बैठक में टाइम क्लॉक प्रणाली को मंजूरी दी। इस प्रणाली का पहला परीक्षण 18 से 23 नवंबर 2025 के बीच होने वाली प्रतियोगिताओं में किया जाएगा। इसके बाद अगले साल से इसका व्यापक रूप से परीक्षण किया जाएगा।

## आयुष ने किया उलटफेर : जापान के नाराओका को कड़े मुकाबले में हराया

# हांगकांग ओपन में भारत का जलवा, क्वार्टर फाइनल में पहुंचे आयुष, लक्ष्य और सात्विक-चिराग की जोड़ी

एजेंसी ▶▶| हांगकांग

भारत के उदीयमान खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने गुरुवार को हांगकांग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में बड़ा उलटफेर करते हुए 2023 के विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता जापान के कोडाई नाराओका को तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हराकर पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

जून में यूएस ओपन सुपर 300 का खिताब जीतने वाले कर्नाटक के 20 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी आक्रामक शैली और बेहतरीन कोर्ट कवरेज का प्रदर्शन करते हुए जापानी शटलर को 72 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में 21-19, 12-21, 21-14 से हराया। क्वार्टर फाइनल में आयुष का सामना हमवतन खिलाड़ी लक्ष्य सेन से होगा।




### खराब फॉर्म से जूझ रहे लक्ष्य



विश्व चैंपियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता और वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर काबिज लक्ष्य ने दूसरे दौर में हमवतन एचएस प्रणय को 15-21, 21-18, 21-10 से हराया। इस सत्र में चोटों और खराब फॉर्म से जूझ रहे लक्ष्य ने आखिरी बार मार्च में ऑल इंग्लैंड सुपर 1000 के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी और मकाऊ ओपन सुपर 300 में भी इसी चरण तक पहुंचे थे, लेकिन इसके अलावा उन्हें शुरुआती दौर में ही बाहर होना पड़ा था। दूसरे गेम में दोनों भारतीय खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। इस दौरान बढ़त बार-बार हाथ बदलती रही। जब स्कोर 18-18 से बराबर था तब प्रणय का स्मैश बाहर चला गया। लक्ष्य ने दो गेम प्वाइंट हासिल किए और मैच को निर्णायक गेम तक खींच दिया। तीसरे और निर्णायक गेम में प्रणय ने फिर से 5-2 की बढ़त बना ली थी, लेकिन इसके बाद वह लगातार गलतियां करते रहे, जिसके कारण वह 9-13 से पीछे हो गए। नेट शॉट की मदद से लक्ष्य ने 16-10 से बढ़त हासिल की। प्रणय लगातार गलतियां करते रहे और लक्ष्य ने इसका पूरा फायदा उठाकर 10 मैच प्वाइंट हासिल कर लिए और प्रणय के एक और शॉट पर चूकने पर मैच अपने नाम कर लिया।

### भारतीय जोड़ी का शानदार प्रदर्शन



सात्विक और चिराग की आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए थाईलैंड के पीराचाई सुकफुन और पक्कापोन तीरात्साकुल को 63 मिनट तक चले मुकाबले में 18-21, 21-15, 21-11 से हराया। विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले सात्विक और चिराग का अगला मुकाबला मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप से होगा। भारतीय जोड़ी की शुरुआत धीमी रही और पहले गेम में वह 8-11 से पीछे चल रही थीं। इसके बाद उन्होंने वापसी करते हुए स्कोर 18-18 कर लिया, लेकिन थाई जोड़ी ने आखिरी तीन अंक हासिल कर पहला गेम अपने नाम कर दिया। सात्विक और चिराग ने दूसरे गेम में बेहतर खेल दिखाया। इस गेम के शुरू में हालांकि उन्हें कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा तथा एक समय स्कोर 2-2 और फिर 7-7 से बराबर था। भारतीय जोड़ी ने इंटरवल तक 11-10 की बढ़त हासिल कर ली और लगातार बढ़त बनाते हुए मैच को निर्णायक गेम तक ले गई। तीसरा गेम एकतरफा रहा, जिसमें सात्विक और चिराग ने 7-2 की बढ़त बना ली और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा।

## विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप

# कड़े मुकाबले में जीती पूजा रानी, सेमीफाइनल में पहुंची



एजेंसी ▶▶| लिवरपूल

भारत की अनुभवी मुक्केबाज पूजा रानी ने पोलैंड की एमिलिया कोटेरस्का को हराकर महिलाओं के 80 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया और इस तरह से विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपना पहला पदक पक्का किया। पहले दौर में बाई हासिल करने वाली 34 वर्षीय पूजा ने अपने अनुभव के दम पर क्वार्टर फाइनल में किशोरी कोटेरस्का को 3-2 से हराया। 80 किग्रा भार वर्ग ओलंपिक में शामिल नहीं है और विश्व चैंपियनशिप में इस वजन वर्ग में 12 मुक्केबाज भाग ले रहे हैं। इस तरह से विश्व चैंपियनशिप में भारत के तीन पदक पक्के हो गए हैं।

### सेमीफाइनल में एमिली एसक्विथ से मुकाबला

पूजा को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। उन्होंने पहले राउंड में अच्छी शुरुआत की थी लेकिन पोलैंड की खिलाड़ी ने पलटवार करते हुए यह राउंड 3-2 से जीत लिया। तीसरे राउंड तक दोनों मुक्केबाज थक चुकी थीं, लेकिन पूजा ने धैर्य बनाए रखा और आखिर में अपने नाम पर पदक पक्का किया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला स्थानीय मुक्केबाज एमिली एसक्विथ से होगा।

### पुरुष मुक्केबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक

पूजा से पहले दो बार की एशियाई चैंपियन जैस्मीन लेंबरिया (57 किग्रा) और नुपुर शेरॉन (80 किग्रा से अधिक) ने सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक पक्के किए थे। इस बीच भारत के पुरुष मुक्केबाजों के अभियान को एक और झटका लगा जब अभिनाश जामवाल 65 किग्रा क्वार्टर फाइनल में जॉर्जिया के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लाशा गुरुली से 1-4 के विभाजित निर्णय से हार गए। उनके बाहर होने के बाद पुरुष वर्ग में केवल जदुमणि सिंह (50 किग्रा) ही दौड़ में बचे हैं। अंतिम आठ में उनका सामना मौजूदा विश्व चैंपियन कजाकिस्तान के संझार ताशकेनबे से होगा। इस तरह से भारतीय पुरुष मुक्केबाजों का ताशकंद में खेली गई पिछली विश्व चैंपियनशिप की तुलना में यहां प्रदर्शन निराशाजनक रहा।

## तीरंदाजी विश्व चैंपियनशिप

# प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंची 15 साल की गाथा, दीपिका बाहर



एजेंसी ▶▶| ग्वांगजू

तीरंदाज दीपिका कुमारी छठी बार भी दुर्भाग्यशाली रहीं और गुरुवार को विश्व चैंपियनशिप के राउंड ऑफ 32 में हारकर बाहर हो गईं जबकि 15 वर्षीय गाथा खडके शानदार प्रदर्शन करते हुए प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली देश की एकमात्र रिकर्व तीरंदाज रहीं। अब सभी की निगाहें शुक्रवार को होने वाले प्री क्वार्टर फाइनल पर होंगी, जहां गाथा पेरिस ओलंपिक चैंपियन और दुनिया की नंबर एक लिम सी-ह्योन के रूप में अपने करियर की सबसे बड़ी चुनौती का सामना करेंगी। भारत के लिए युवा गाथा आखिरी उम्मीद हैं और यह देखना होगा कि पदार्पण कर रही पुणे की यह खिलाड़ी 2019 में डेन बॉश के बाद रिकर्व वर्ग में देश को पहला पदक दिला पाती हैं या नहीं। मौजूदा टूर्नामेंट में भारत ने पुरुष टीम वर्ग में ऐतिहासिक स्वर्ण और मिश्रित टीम में रजत पदक जीता है। ये दोनों पदक कंपाउंड वर्ग में आए।

- गाथा का मुकाबला अब दुनिया की नं-1 खिलाड़ी से

### क्वालीफाइंग में अजरबेजान की फातिमा को हराया

क्वालीफाइंग में 666 अंक हासिल के साथ 14वीं वरीयता प्राप्त करने वाली गाथा ने पहले दौर में अजरबेजान की फातिमा हुसैनली को 7-1 (26-26, 27-25, 27-26, 28-24) से हराया और फिर ब्रिटेन की थिया रोजर्स को 6-0 (28-27, 27-26, 29-28) से करारी शिकस्त दी। उनकी सबसे बड़ी परीक्षा तीसरे दौर में दुनिया की आठवें नंबर की जर्मन की ओलंपियन और विश्व कप की पूर्व कांस्य पदक विजेता मिशेल क्रॉपेन बाउर के खिलाफ थी लेकिन दुनिया में 176वें स्थान पर काबिज गाथा ने कोई हड़बड़ी नहीं दिखाई और मुकाबला 6-4 से जीत लिया। भारतीय खिलाड़ी ने 28-26, 27-27, 27-28, 28-28, 28-27 से जीत दर्ज की। जुलाई में मैड्रिड विश्व कप के दौरान सीनियर वर्ग में पदार्पण करने वाली महाराष्ट्र की गाथा ने वहां प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर अपनी क्षमता पहले ही दिखा दी थी। उन्होंने इस साल की शुरुआत में राष्ट्रीय ट्रायल्स में क्वालिफिकेशन में 686 अंक हासिल करके सबको चौंका दिया था। यह प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले सभी खिलाड़ियों के बीच सर्वोच्च स्कोर था। मौजूदा फॉर्म को देखते हुए रिकर्व वर्ग में भारत की उम्मीदें अब इसी युवा खिलाड़ी पर टिकी हैं।

# दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड को पहले टी20 में हराया

**कार्डिफ।** दक्षिण अफ्रीका ने बारिश से प्रभावित पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को डकवर्थ लुईस पद्धति से 14 रन से हराया। बारिश के कारण मैच शुरू में नौ-नौ ओवर का कर दिया गया था। दक्षिण अफ्रीका ने बल्लेबाजी का न्यौता मिलने के बाद जब 7.5 ओवर में पांच विकेट पर 97 रन बनाए थे तब बारिश के कारण फिर से खेल रोकना पड़ा। इसके बाद ओवर की संख्या घटा दी गई।

दक्षिण अफ्रीका की तरफ से कप्तान एडेन मार्करम 14 गेंदों में 28 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे, जबकि डोनोवन फरेरा (नाबाद 25) और डेवाल्ड ब्रेविस (23) ने भी उपयोगी योगदान दिया। इंग्लैंड के सामने पांच ओवर में 69 रन बनाने का लक्ष्य रखा गया। उसके बल्लेबाजों ने हर गेंद को बाउंड्री के बाहर भेजने का प्रयास किया लेकिन आखिर में उसकी टीम पांच विकेट पर 54 रन ही बना पाई। उसकी तरफ से जोस बटलर ने सर्वाधिक 25 रन बनाए। दूसरा टी-20 मैच शुक्रवार को मैनचेस्टर में खेला जाएगा।

# एशिया कप : ओमान के खिलाफ 'रिहर्सल' करने उतरेगा पाकिस्तान

एजेंसी ▶▶| दुबई

पाकिस्तान की टीम एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत के खिलाफ होने वाले मुकाबले से पहले शुक्रवार को ग्रुप ए के अपने पहले मैच में कमजोर ओमान के खिलाफ अपनी तैयारी को पुख्ता अंजाम देने की कोशिश करेगी। पाकिस्तान ने एशिया कप से पहले त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में अफगानिस्तान को 75 रन से हराया था, जिससे निश्चित तौर पर



उनका मनोबल बढ़ा होगा। इस मैच में स्पिनर मोहम्मद नवाज ने हैट्रिक बनाई थी और वह फिर से पाकिस्तान के लिए तुरुप का इक्का होंगे। संयुक्त अरब अमीरात की धीमी पिचों के कारण पाकिस्तान को टीम में स्पिनरों को शामिल करना पड़ा। उसकी यह रणनीति त्रिकोणीय श्रृंखला के दौरान कारगर साबित हुई और एशिया कप में भी यह रणनीति महत्वपूर्ण साबित होगी।

पाकिस्तान के कप्तान सलमान आगा ने कहा था, 'हम इस तरह से तैयारी करना चाहते थे, जिससे हमें एशिया कप के लिए मदद मिले और हमने ऐसा किया।

# विश्व कप में सिर्फ महिलाएं होगी अंपायर और रेफरी

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत और श्रीलंका में इस महीने के अंत में शुरू होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के लिए गुरुवार को पहली बार सिर्फ महिला अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपने की घोषणा की। टूर्नामेंट की शुरुआत 30 सितंबर को गुवाहाटी में संयुक्त मेजबानों भारत और श्रीलंका के बीच मुकाबले से होगी। अंपायरिंग पैनल में पूर्व भारतीय खिलाड़ी वृंदा राठी, एन. जननी और गायत्री वेणुगोपालन को भी जगह मिली है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर और पहली महिला मैच रेफरी जीएस लक्ष्मी चार सदस्यीय मैच रेफरी पैनल का हिस्सा होंगी।



### मैच रेफरी

ट्रुडी एंडरसन, शैंड्रे फ्रिट्ज, जीएस लक्ष्मी, मिशेल परेरा।

### अंपायर

लॉरेन एजेनबैग, कैंडेस ला बोर्डे, किम कॉटन, सारा दंबनेवाना, शतिरा जाकिर जेसी, केरिन क्लास्टे, जननी एन, निमाली परेरा, क्लेयर पोलोसेक, वृंदा राठी, सू रेडफर्न, एलोइस शेरिडन, गायत्री वेणुगोपालन, जैकलीन विलियम्स।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प रोहतक | रोहतक जिले में कलानौर में 50 बिस्तर वाले हस्पताल में आपातकालीन ब्लॉक सहित ओपीडी का निर्माण (सीसीटीवी, एलएएन, ईपीएबीएक्स और फायर अलार्म सिस्टम का प्रावधान केवल)। | 09.09.2025 16.09.2025 | 32.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प कैथल | कैथल जिले में (ओडीआर) (गुहला निर्वाचन क्षेत्र) (कार्य कार्यक्रम 2025-26) 10 अदद रोड का सुधार अर्थात कैथल जिले में अधोया मेगरान से अजीत नगर (आईडी 7062), भागल बुदानपुर रोड से डेरा मुलांपुर रोड (आईडी 7079), कैथल जिले में सम्पर्क सड़क से लंधेरी (आईडी 7035), भुसला अधोया रोड से डेरा बाजीगर (आईडी 10305), पेहोवा गुहला रोड से सिन्ही (आईडी 7021), शजादपुर से बलबेरा से पंजाब बॉर्डर तक (आईडी 7051), कैथल जिले में लंधेरी से जिवानकोट (आईडी 7054), रत्ता खेड़ा से सरकपुर (आईडी 10897), खामेरी छाना से लबाना प्लॉट (आईडी 7049) और बोपुर से पंजाब बॉर्डर तक (रोड आईडी 10892) + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 19.09.2025 | 1128.74 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466390260 PWDEEPPD2KTL@GMAIL.COM |
| 3 | लोनिवि भ व प रोहतक | रोहतक में दिनांक 17.09.2025 को ''संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना'' के तहत ''भगवान विश्वकर्मा जयंती'' के समारोह के लिए राज्य स्तरीय कार्यक्रम हेतु एसीएस और वाटर प्रूफ टैंट सहित वीआईपी स्टेज की स्थापना, टैंट का प्रावधान व फिक्सिंग, कुर्सियों की आपूर्ति और अन्य सुविधाएं (सभी विविध कार्यक्रम) (जीएसटी को छोड़कर)। | बंद होने की तिथि 15.09.2025 | 34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9992268328 pwd-eepd2-rohtak@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प हिसार | तृतीय बटालियन महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डा हिसर में कल्याण केन्द्र की मौजूदा बिल्डिंग मे नागरिक उड्डयन मंत्री-सह-चेयरमैन एचएडीसी, हरियाणा के लिए कार्यालय कक्ष और कांफ्रेंस हॉल का पुनरोद्धार। (कांफ्रेंस हॉल लाइनर और ट्रैक लाइट्स का प्रावधान केवल) (बकाया कार्य) + 1 कार्य। | 10.09.2025 18.09.2025 | 9.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प रोहतक | नरवाना, जिला जीन्द में नवदीप स्टेडियम की विशेष मरम्मत + 2 कार्य। | 10.09.2025 17.09.2025 | 9.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 6 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, हांसी | नारनौंद कस्बा :- नारनौंद जिला हिसार के एमसी क्षेत्र में जलघरों में संरचनाओं के पुनरोद्धार / अपग्रेडेशन हेतु पूरक और बकाया पाइप लाइंस बिछाना (अमरूत 2.0 के तहत) ''नारनौंद कस्बा जिला हिसार में पाइप लाइन बिछाने के दौरान बकाया कार्य के लिए।'' | 10.09.2025 19.09.2025 | 24.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1663256145 eehansi@gmail.com |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, चरखी दादरी | लोहारू कैनाल के पम्प हाउस नं. 1 में 2 अदद 150 एचपी एटीएस स्टार्टर की रिवाइंडिंग। | बंद होने की तिथि 15.09.2025 | 0.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज भिवानी | गांव खरखडी मखवान ब्लॉक तोशाम में फिरनी को पूरा करना, एचआरडीएफ। | 10.09.2025 16.09.2025 | 54.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/160/38628/I/88/7 दि. 11.09.25

रक्षा आत्मनिर्भरता में बड़ा कदम

# नौसेना को मिला भारत का पहला नेवल 3डी एयर सर्विलांस रडार

*लांजा-एन, इंद्रा के लंबी दूरी के 3डी रडार का नेवल वर्जन है, जिसे वायु रक्षा और मिसाइल रोधी अभियानों के लिए दुनिया में सबसे एडवांस माना जाता है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) ने गुरुवार को घोषणा की कि वह स्पेन की कंपनी इंद्रा से टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के तहत एडवांस्ड नेवल 3डी एयर सर्विलांस रडार का निर्माण करने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई है। टीएएसएल ने कहा कि उसने इटली की कंपनी के साथ साझेदारी करके भारतीय नौसेना के युद्धपोत पर पहले लांजा-एन रडार को सफलतापूर्वक तैनात कर दिया गया है। लांजा-एन, इंद्रा के लंबी दूरी के 3डी रडार का नेवल वर्जन है, जिसे वायु रक्षा और मिसाइल रोधी अभियानों के लिए दुनिया में सबसे एडवांस माना जाता है।




### हवाई और सतही लक्ष्यों पर नजर

लांजा-एन रडार मित्र और शत्रु दोनों प्रकार के हवाई और सतही लक्ष्यों पर नजर रख सकता है, जिनमें ड्रोन, सुपरसोनिक लड़ाकू विमान, विकिरण-रोधी मिसाइलें और नौसैनिक प्लेटफॉर्म शामिल हैं। यह पहली बार है जब लांजा-एन प्रणाली को स्पेन के बाहर तैनात किया गया है, जिससे भारत इंद्रा के होम बेस से परे इसे संचालित करने वाला पहला देश बन गया है।

### नौसेना के अन्य पोतों पर लगेंगे

पहला राडार स्थापित करने के बाद ऐसे और अधिक राडार भारतीय नौसेना के फ्रिगेट, डिस्ट्रॉयर और विमान वाहक पोतों पर लगाए जाएंगे। इस रडार की स्थापना को भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता अभियान में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इस सिस्टम को स्थानीय स्तर पर असेंबल और एकीकृत किया गया है। टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स ने उत्पादन और फ्यूचर डिलीवरी में तेजी लाने के लिए कर्नाटक में एक समर्पित रडार असेंबली, एकीकरण और परीक्षण सुविधा स्थापित की है।

### कई समुद्री परीक्षण किए गए

इस रडार को शामिल करने से पहले व्यापक समुद्री परीक्षणों से गुजरा गया है, जहां इसकी क्षमता का परीक्षण करने के लिए विभिन्न नौसैनिक और हवाई प्लेटफार्मों का इस्तेमाल किया गया। अब इसे भारतीय नौसेना के युद्धपोत पर मौजूद सभी सिस्टम्स के साथ पूरी तरह से एकीकृत कर दिया गया है।

### भारत में रडार निर्माण मजबूत होगा: टाटा

इस उपलब्धि के बारे में बात करते हुए, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के सीईओ और एमडी, सुकरण सिंह ने कहा कि इंद्रा के साथ साझेदारी भारत में रडार निर्माण को मजबूत करने की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने आगे कहा कि स्थानीय विशेषज्ञता, एक मजबूत आपूर्ति श्रृंखला और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, एडवांस डिफेंस सिस्टम्स के लिए एक इकोसिस्टम बनाने में मदद कर रहे हैं।

### निर्माण के अलावा सेवा भी देंगे: इंद्रा

इंद्रा की नेवल बिजनेस यूनिट की प्रमुख, एना बुएंडिया ने कहा कि टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के साथ सहयोग सिर्फ रडार की आपूर्ति तक ही सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि हमने मिलकर बेंगलुरु में एक रडार फैक्टरी स्थापित की है, जो हमें प्रणालियों का अधिक कुशलता से उत्पादन करने और ग्राहकों को नजदीकी सेवा प्रदान करने के लिए स्थानीय समर्थन प्रदान करती है।

---

## नेपाल आंदोलन के बाद जेन-जेड गुटों में मतभेद, हुई झड़प

अंतरिम पीएम को लेकर राष्ट्रपति और सेना प्रमुख के बीच बातचीत जारी

# अंतरिम पीएम पर फंसा पेच इंजीनियर इन, जज आउट

*नेपाल में जेन-जी आपस में ही भिड़ गए। बलेंद्र शाह और सुशीला कार्की के समर्थकों के बीच झड़प हो गई। वहीं एक अन्य ग्रुप ने कहा कि कुलमान घिसिंग को नेपाल में अंतरिम मंत्रिमंडल का नेतृत्व करना चाहिए। ऑनलाइन सर्वेक्षणों में सुशीला कार्की को वोट दिया है और वे पहली पसंद के रूप में उभरी हैं*

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

काठमांडू में नेपाल सेना के मुख्यालय के बाहर बुधवार शाम को अलग-अलग उम्मीदवारों का समर्थन कर रहे जेन-जेड गुटों के झड़प हो गई। यह घटनाक्रम तब सामने आया जब अंतरिम नेता चुने जाने के लिए बातचीत का दौर जारी है। केपी शर्मा ओली ने मंगलवार को पीएम पद से इस्तीफा दे दिया था और तब से यह पद खाली है।

नेपाल में पीएम पद के लिए तीन नाम प्रमुखता से सामने आए हैं। पहला काठमांडू के मेयर और रैपर बलेंद्र शाह बालेन, दूसरा पूर्व चीफ जस्टिस सुशीला कार्की और तीसरा बिजली बोर्ड के पूर्व प्रमुख कुलमान घिसिंग।


बलेंद्र शाह बालेन सुशीला कार्की कुलमान घिसिंग

#### आपस में ही भिड़े जेन-जी

गुरुवार शाम को भी जेन-जी आपस में ही भिड़ गए। बलेंद्र शाह बालेन और सुशीला कार्की के समर्थकों के बीच झड़प हो गई। वहीं एक अन्य ग्रुप ने कहा कि कुलमान घिसिंग को नेपाल में अंतरिम मंत्रिमंडल का नेतृत्व करना चाहिए। ऑनलाइन सर्वेक्षणों के जरिए जेन-जी नेताओं ने सुशीला कार्की को वोट दिया है और वे पहली पसंद के रूप में उभरी हैं।

### छह महीने के अंदर चुनाव लड़ेंगे



*आंदोलन के दौरान अपनी आवाज बुलंद कर रहे नेताओं ने गुरुवार प्रेस वार्ता की। एक युवा नेता अनिल बनिया ने कहा कि हमने यह आंदोलन बुजुर्ग नेताओं से तंग आकर किया। हमने शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया, लेकिन राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने आगजनी की और फिर बुनियादी ढांचों में तोड़फोड़ की गई। हम संविधान बदलने की कोशिश नहीं कर रहे, बल्कि उसमें जरूरी बदलाव करने की कोशिश कर रहे हैं। छह महीने के अंदर हम चुनाव लड़ेंगे।*

### होटल में आग लगने से यूपी की महिला की मौत

*गाजियाबाद के नंदग्राम थाना क्षेत्र की मास्टर कॉलोनी में रहने वाले रामवीर सिंह गोला (58) अपनी पत्नी राजेश गोला (55) के साथ काठमांडू स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन करने के लिए सात सितंबर को गए थे। भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन के बाद दंपति काठमांडू स्थित हयात रेजिडेंसी की चौथी मंजिल कमरे में ठहरे। रात करीब साढ़े 11 बजे उपद्रवियों ने होटल में आग लगा दी।*



---

अमेरिकी सीनेट विदेश संबंध समिति की सुनवाई में बोले विदेश मंत्री मार्को रुबियो

# भारत हमारे सबसे अहम साझेदारों में शामिल, रिश्ता दुनिया की दिशा तय करने में निभाएगा अहम भूमिका

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने गुरुवार को कहा कि आज की दुनिया में भारत, अमेरिका के सबसे अहम रिश्तों में से एक है। उन्होंने साफ कहा कि वॉशिंगटन और नई दिल्ली के बीच का रिश्ता इस समय 'असाधारण बदलाव' के दौर से गुजर रहा है और आने वाले समय में यह और मजबूत होगा।

रुबियो अमेरिकी सीनेट की विदेश संबंध समिति में उस समय बोल रहे थे, जब भारत में अमेरिका के नए राजदूत के लिए नामित सर्जियो गोर की पुष्टि की प्रक्रिया चल रही थी। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत न केवल आज बल्कि भविष्य के लिहाज से भी हमारे लिए बेहद अहम है। आने वाले समय में दुनिया का राजनीतिक और आर्थिक नक्शा काफी हद तक इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में तय होगा, और भारत इस क्षेत्र का केंद्र है। इसलिए से हमने अपनी सैन्य कमांड का नाम भी बदलकर इंडो-पैसिफिक कमांड कर दिया है।

### भारत के साथ सहयोग के नए अवसर



मार्को रुबियो ने कहा कि आने वाले समय में भारत और अमेरिका के बीच कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर साथ मिलकर काम करने की जरूरत होगी। इसमें यूक्रेन युद्ध, एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा संतुलन, और क्षेत्रीय स्थिरता जैसे विषय शामिल होंगे। उन्होंने इस साझेदारी को अमेरिका की वैश्विक रणनीति का अहम हिस्सा बताया और कहा कि भारत के साथ मजबूत रिश्ते न केवल दोनों देशों के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण हैं। हम इस समय भारत के साथ एक ऐसे दौर में हैं जहां नए अवसर सामने आ रहे हैं। यह रिश्ता आने वाले दशकों तक दुनिया की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएगा।

### मोदी-ट्रंप के जबरदस्त रिश्ते

भारत के पीएम नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रिश्तों का जिक्र करते हुए ट्रंप प्रशासन के प्रमुख नेताओं में शामिल गोर ने कहा कि हमारे राष्ट्रपति की गहरी दोस्ती रही है, जो कि अनोखी है। राष्ट्रपति ने कई बार भारत को लेकर आलोचना वाला रुख रखा है, लेकिन वे पीएम मोदी को लेकर हमेशा अलग रुख रखते हैं। दोनों के बीच जबरदस्त रिश्ते हैं।

#### अमेरिका के लिए भारत कूटनीतिक साझेदार, रक्षा और सुरक्षा सहयोग को प्राथमिकता



वहीं, सर्जियो गोर ने सीनेट की विदेश मामलों की समिति के सामने सवालों के जवाब दिए। सर्जियो गोर ने सीनेट में सुनवाई के दौरान कहा कि अमेरिका के लिए भारत कूटनीतिक साझेदार है। भारत की राह ही भविष्य में क्षेत्र और उसके आगे की स्थितियों को आकार देगी। उन्होंने भारत को क्षेत्रीय स्थिरता की आधारशिला करार दिया। साथ ही कहा कि यह अमेरिका के लिए सबसे अहम रिश्ता है और हम भारत के साथ रक्षा और सुरक्षा सहयोग बढ़ाने को प्राथमिकता देंगे। सर्जियो गोर ने कहा कि अमेरिका निष्पक्ष-बराबरी के व्यापार को बढ़ाने के लिए काम करता रहेगा और भारत के बाजारों तक पहुंच बनाने की कोशिश भी करेगा। उन्होंने इसके लिए अमेरिका के ऊर्जा निर्यात को बढ़ाने पर जोर देने की बात कही। इस दौरान उन्होंने जोर देते हुए कहा कि भारत और अमेरिका अब व्यापार समझौते पर ज्यादा दूर नहीं हैं। गोर ने बताया कि अमेरिका की शीर्ष प्राथमिकता अमेरिकी एलएनजी (लिक्विफाइड नेचुरल गैस) का निर्यात भारत को करने पर है।

---

इजराइल का कतर पर हवाई हमला विफल

## नेतन्याहू बोले- अगर बच गए हैं हमास नेता तो फिर से मारेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मंगलवार को इजराइल ने कतर पर हवाई हमला किया था। इस हमले में वह हमास नेताओं को मारने में विफल रहा था।



इजराइल के राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू के हवाले से अमेरिका में इजराइली राजदूत ने इस ऑपरेशन के बाद कहा कि इजराइल अगली बार हमले में सफल होगा। इस ऑपरेशन से यह चिंता पैदा हो गई है कि यह गाजा में युद्धविराम सुनिश्चित करने के प्रयासों को विफल कर देगा।

### *कतर ने मुस्लिम देशों की बुलाई बैठक*

*कतर ने कहा कि राजधानी दोहा में अगले रविवार और सोमवार को एक आपातकालीन अरब-इस्लामी शिखर सम्मेलन की बैठक होगी और इसकी मेजबानी कतर करेगा। इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य कतर की धरती पर हमास नेताओं को निशाना बनाकर किए गए इजराइली हमले के परिणामों पर विचार करना और इस गंभीर घटनाक्रम पर एकीकृत अरब-इस्लामी प्रतिक्रिया का समन्वय करना है। यह ऐलान दोहा में हुए हवाई हमले के दो दिन बाद की गई।*

राष्ट्रपति ट्रंप के करीबी चार्ली की हत्या

## गले में मारी गोली, हमलावार की तलाश में जुटी एफबीआई



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका की यूटा वैली यूनिवर्सिटी में एक कार्यक्रम के दौरान कंजरवेटिव युवा नेता और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी सहयोगी चार्ली किर्क की गोली मारकर हत्या कर दी गई। चार्ली किर्क की हत्या में एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया था, लेकिन कई घंटों पूछताछ के बाद उसे रिहा कर दिया गया। सुरक्षा एजेंसी एफबीआई हत्यारे की तलाश में जुटी हैं।

### *अमेरिका के लिए काला दिन: ट्रंप*

*इस घटना के बाद ट्रंप ने कहा कि ये अमेरिका के लिए एक काला दिन है। चार्ली जैसे कमाल के अमेरिकी लोगों को कुछ चरमपंथी नाजी कहकर बुलाते हैं, इसी तरह के लोग आतंकवाद के लिए जिम्मेदार हैं। ये सब अब बंद होना चाहिए। हम लोग हिंसा में शामिल हर किसी को ढूंढकर उन्हें सजा देने का काम करेंगे। उन्होंने एक वीडियो शेयर करते हुए चार्ली की काफी तारीफ की।*

---

आईआईएम अहमदाबाद का दुबई में खुला कैंपस

# प्रधान बोले- भारत का सर्वश्रेष्ठ दुनिया तक पहुंचेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आईआईएम अहमदाबाद ने दुबई में अपना नया कैंपस शुरू किया है। गुरुवार को दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने नए कैंपस का उद्घाटन किया। भारत के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम के बाद धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि भारतीय शिक्षा के वैश्वीकरण में यह बड़ी छलांग है। यह भारत की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा को दुनिया तक पहुंचाएगा।

### हमारे लिए सम्मान की बात

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने एक्स पर लिखा कि दुबई के क्राउन प्रिंस, शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम द्वारा आईआईएम अहमदाबाद दुबई परिसर का उद्घाटन किया जाना हमारे लिए बहुत सम्मान की बात है। यह पीएम नरेंद्र मोदी जी की परिकल्पना के अनुरूप भारतीय शिक्षा के वैश्वीकरण की दिशा में एक और बड़ी छलांग है। आईआईएम अहमदाबाद दुबई परिसर भारत की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा को दुनिया तक पहुंचाएगा। दुबई ने आज आईआईएम अहमदाबाद अंतर्राष्ट्रीय परिसर की मेजबानी करके भारतीय भावना, वैश्विक दृष्टिकोण' के सिद्धांत को एक आदर्श मंच प्रदान किया है। भारत-यूएई ज्ञान सहयोग में एक गौरवशाली अध्याय जोड़ने के लिए शेख हमदान के प्रति आभार।



### आईआईटी दिल्ली के अबू धाबी कैंपस भी गए

केंद्रीय मंत्री प्रधान ने शिक्षा, नवाचार और ज्ञान के आदान-प्रदान में साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए यूएई के प्रमुख नेताओं, मंत्रियों, नीति निर्माताओं, शिक्षाविदों और भारतीय तथा यूएई संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत हुई।

बुधवार को, प्रधान ने अबू धाबी शिक्षा एवं ज्ञान विभाग की अध्यक्ष सारा मुसल्लम से मुलाकात की। उन्होंने आईआईटी दिल्ली-अबू धाबी परिसर का भी दौरा किया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109